भीम प्रज्ञा अलर्ट

समाज की सबसे बड़ी कमजोरी अन्याय नहीं, बल्कि उसके विरुद्ध खामोशी है। जब सही के पक्ष में आवाज़ उठती है, तभी बदलाव जन्म लेता है और इंसान अपने होने का अर्थ साबित करता है।

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

दैनिक

भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-80 | झुंझुनू (राजस्थान) | सोमवार, 9 फरवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

सम्पादकीय

एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है

विकास की असली कसौटी: लैंगिक समानता और सामाजिक चेतना

किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति केवल ऊँची इमारतों, चौड़ी सड़कों या अत्याधुनिक तकनीक से नहीं आँकी जा सकती। ये सभी विकास के बाहरी संकेत हो सकते हैं, लेकिन समाज का वास्तविक चेहरा इस बात से पहचाना जाता है कि वह अपने नागरिकों–विशेषकर महिलाओं और अन्य लिंग पहचान वाले लोगों–के साथ कैसा व्यवहार करता है। जिस समाज में आधी आबादी को अवसर, सम्मान और अधिकारों से वंचित रखा जाए, वह चाहे जितना भी भौतिक विकास कर ले, उसे विकसित नहीं कहा जा सकता। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

लिंग आधारित भेदभाव केवल एक सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा है। यह भेदभाव शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, राजनीति और पारिवारिक निर्णयों तक में गहराई से जड़ें जमाए हुए है। जब किसी बच्ची को यह कहकर पढ़ने से रोका जाता है कि 'उसे तो पराया धन बनना है ', या जब किसी महिला की योग्यता को केवल उसके लिंग के कारण नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है, तब समाज अपनी ही संभावनाओं का गला घोंट देता है। यह केवल महिलाओं का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की क्षति है। लैंगिक समानता की बात करना केवल नैतिकता या संवेदनशीलता का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र की बुनियाद है। विश्व के वे देश जिन्होंने महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के समान अवसर दिए हैं, वे आर्थिक और सामाजिक रूप से कहीं अधिक आगे हैं। शोध और अनुभव यह स्पष्ट करते हैं कि जब महिलाएँ कार्यबल और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाती हैं, तो परिवार की आय बढ़ती है, बच्चों का भविष्य बेहतर होता है और समाज अधिक संतुलित बनता है।

यह भी एक कड़वा सच है कि लिंग आधारित भेदभाव केवल कानून बनाकर समाप्त नहीं किया जा सकता। हमारे देश में महिला सशक्तिकरण और समानता से जुड़े कई कानून मौजूद हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत अक्सर उनसे अलग दिखाई देती है। इसका कारण यह है कि असली लड़ाई कानून से नहीं, सोच से है। जब तक हमारी मानसिकता नहीं बदलेगी, तब तक समानता केवल कागज़ों तक सीमित रहेगी। घर, स्कूल, कार्यस्थल और सार्वजनिक जीवन–हर स्तर पर सोच में बदलाव अनिवार्य है। एक विकसित समाज का मूल आधार यह होना चाहिए कि पुरुष, महिला और अन्य लिंग पहचान वाले सभी व्यक्ति शिक्षा, रोजगार और निर्णय लेने की प्रक्रिया में समान भागीदार हों। समान अवसर केवल अवसर देने तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक स्वतंत्रता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। जब महिलाएँ भयमुक्त होकर काम कर सकें, अपनी राय रख सकें और अपने जीवन के निर्णय स्वयं ले सकें, तभी समाज वास्तव में आगे बढ़ता है।

लैंगिक समानता का सीधा संबंध राष्ट्र की आर्थिक प्रगति से भी है। जब आधी आबादी को बराबरी से काम करने का अवसर मिलता है, तो उत्पादन बढ़ता है, नवाचार को बढ़ावा मिलता है और सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में भी वृद्धि होती है। इस दृष्टि से लैंगिक समानता कोई 'कल्याणकारी एजेंडा' नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक आवश्यकता है। जो राष्ट्र इसे नज़रअंदाज़ करता है, वह वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाता है। रूढ़िवादी मान्यताएँ–जैसे कि 'यह काम महिलाओं के लिए नहीं है' या 'पुरुष ही परिवार का मुखिया होता है '–आज के समय में सबसे बड़ी बाधा हैं। इन धारणाओं को तोड़ना आसान नहीं है, लेकिन यह कार्य अनिवार्य है। शिक्षा, मीडिया और सामाजिक संवाद के माध्यम से समानता का विचार मजबूत करना होगा। बच्चों को शुरू से यह सिखाना होगा कि क्षमता का कोई लिंग नहीं होता।

अंततः, सच्चा विकास वही है जो समाज के हर व्यक्ति को अपनी प्रतिभा दिखाने का समान अवसर दे। लैंगिक समानता केवल न्याय का प्रश्न नहीं, बल्कि मानवता की प्रगति का रास्ता है। जब हम लिंग के आधार पर भेदभाव समाप्त करते हैं, तब हम केवल एक वर्ग का नहीं, बल्कि पूरे समाज और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करते हैं। यही वह कसौटी है, जिस पर किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति को परखा जाना चाहिए।

जयपुर के परकोटे में निर्माण पर दो विधायक भिड़े

बालमुकुंदाचार्य ने कहा-दीवार तोड़कर हो रहा अतिक्रमण, कागजी बोले- शर्म नहीं आती क्या महाराज?

भीम प्रज्ञा न्यूज

जयपुर । जयपुर में एक बिल्डिंग की छत निर्माण को लेकर दो विधायक भी आमने-सामने हो गए। विधायक बालमुंकुदाचार्य ने कहा- पुरातत्व को बचाओ। अजमेरी गेट-

घाटगेट पर अवैध निर्माण हो रहे हैं। यहां चांदपोल में बिल्डिंग एक समान रंग में नहीं हैं। सरकारी सब्जी मंडी में 4 बाई 4 का अतिक्रमण है। किशनपोल विधायक ने इसके लिए 20 लाख रुपए भी दिए। परकोटा क्षेत्र की दीवार तोड़कर इसे 400 गज का करने का प्रयास किया जा रहा है, ये गलत है। इस पर मौके पर मौजूद किशनपोल विधायक अमीन कागजी भड़क गए, उन्होंने कहा-- मैंने मंदिरों के काम करवाए, तब आप नहीं आए। तब आपको परकोटा नहीं दिखा। तब कहां थे महाराज। शर्म नहीं आती क्या?

मामला रविवार सुबह 11 बजे चांदपोल गेट के पास परकोटा क्षेत्र का है। इसको लेकर अमीन कागजी ने जयपुर कमिश्नरेट में शिकायत दी है। वहीं जयपुर नॉर्थ पुलिस ने माहौल बिगड़ने की आशंका पर मौके पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया है।

4 बाई 4 का अतिक्रमण बढ़ाकर 400 गज करने का प्रयास करना गलत

परकोटा क्षेत्र में छत निर्माण की सूचना पर सुबह 11 बजे विधायक बालमुकुंदाचार्य अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। विधायक बालमुंकुदाचार्य ने कहा- चांदपोल में सरकारी सब्जी मंडी पर 4 बाई 4 का अतिक्रमण है। यहां किशनपोल विधायक ने इसके लिए 20 लाख रुपए भी दिए। सूचना पर मैं पहुंचा तो देखा कि परकोटा क्षेत्र की दीवार तोड़कर इसे 400 गज का करने का प्रयास कर रहे थे, ये गलत है। प्राचीन दीवार को तोड़कर उसमें सरिए डालकर निर्माण करना गलत है। विधायक बालमुंकुदाचार्य ने अफसरों को कहा- पुरातत्व को बचाओ। अजमेरी गेट-घाटगेट पर अवैध निर्माण हो रहे हैं। यहां चांदपोल में बिल्डिंग एक समान रंग में नहीं हैं। चारदरवाजे पर परकोटा क्षेत्र की दीवार तोड़कर अवैध निर्माण कर लिया गया।

परकोटा क्षेत्र में बिल्डिंग की छत निर्माण पर भिड़े दो पक्ष

एडि. डीसीपी (नॉर्थ) बजरंग सिंह ने बताया- संजय सर्किल स्थित सब्जी मंडी परकोटा क्षेत्र में एक भवन में निर्माण चल रहा है। नगर निगम ने इस भवन की छत निर्माण का वर्कऑर्डर जारी किया है। रविवार सुबह करीब 11 बजे छत निर्माण की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। निर्माण का विरोध कर रहे लोगों ने कहा- परकोटा के पास इस प्रकार से निर्माण नहीं हो सकता। जबकि दूसरे पक्ष ने कहा- निर्माण कार्य को अवैध बताकर रोका जा रहा है।

दो पक्षों के आमने-सामने होने की सूचना पर पुलिस आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाकर मामला शांत करवाया। माहौल बिगड़ने की आशंका को देखते हुए एहतियात के तौर पर मौके पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। वर्कऑर्डर सही है या नहीं, पुलिस की ओर से इसकी जांच की जा रही है।

अमीन कागजी बोले- शहर में आकर लोगों को परेशान करते हैं विधायक

विधायक अमीन कागजी ने कहा- 30 जनवरी को इसका वर्क ऑर्डर हुआ था। तब से काम चल रहा है। काम शुरू हुए इतने दिन हो गए। एक विधायक आकर झूठी-झूठी बात करते हैं। क्यों शहर को परेशान कर रहे हो। सुकून से काम हो रहा है, करने दो। **कागजी ने बताया-** मैंने मंदिरों के काम करवाए, तब आप नहीं आए। तब आपको परकोटा नहीं दिखा। तब आपको वह मंदिर नहीं दिखा, जो मैंने बनवाया था। तब कहां थे महाराज। शर्म नहीं आती क्या? ऐसे आकर शहर में लोगों को परेशान करते हैं।

मेघवंशीय समाज चेतना संस्थान सम्मेलन में समाज की 420 प्रतिभाओं का सम्मान

भीम प्रज्ञा न्यूज

झुंझुनूं । मेघवंशीय समाज चेतना संस्थान की ओर से रविवार को अंबेडकर पार्क में अनुसूचित जाति का 22वां वार्षिक सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईजी व डॉ. अंबेडकर मेमोरियल सोसायटी के प्रदेशाध्यक्ष सतवीर सिंह थे। अध्यक्षता पिलानी विधायक पितराम सिंह काला ने की। मुख्य वक्ता पशुपालन विभाग फतेहपुर के उप निदेशक निरंजन चिरानिया थे। भाजपा के महामंत्री राजेश दहिया, डॉ. मधु तंवर, डॉ. दीपक देवठिया, डॉ. महेंद्र सानेल, जगदीश सिंह कांटीवाल, मोतीलाल आलड़िया, डॉ. कमल मीणा, सुमन चिरानिया, रामेश्वर कल्याण, प्रहलाद देवठिया, प्रोफेसर जयलाल सिंह, मोतीलाल टांक, मनीराम देवरोड, महावीर प्रसाद सानेल, लीलाधर चौहान, मदनलाल जिनागल, प्रताप सिंह चौहान व मधु खन्ना विशिष्ट अतिथि थे।

संगठन के संयोजक रामनिवास भूरिया ने बताया कि अतिथियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर व बीएल चिरानिया की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने समाज की दशा व दिशा पर चर्चा

करते हुए समाज के युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज व देश के विकास में सहयोग करने व समाज में फैली कुरीतियों को हटाने की बात कही। अतिथियों ने मेघवंशीय वार्षिक पंचांग का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में 10वीं कक्षा के 160, 12वीं कक्षा के 132, स्नातक के 65, राजकीय सेवा में चयनित 43 व नीट व जेईई के 20 अभ्यर्थियों सहित दहेज मुक्त विवाह करने, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित 420 प्रतिभाओं को बाबा साहब का साहित्य, प्रतिमा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस दौरान महासचिव मदनलाल गुडेसर सहित संस्थान के पदाधिकारी, सदस्य व समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

सिलारपुर में बेटी नव्या का उमंग उत्सव, नगर कांग्रेस ने किया सम्मान

भीम प्रज्ञा न्यूज़.नीमराना।

रमेशचंद । नीमराना उपखंड के सिलारपुर गांव में जन्मी बेटी नव्या पुत्री दीपक का आज उमंग उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर कांग्रेस अध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी के नेतृत्व में किया गया, जहां बेटी के दादा-दादी को फूल माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर एवं बच्चे के लिए खिलौने देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माता चंद्रकांता, पिता दीपक कुमार, दादी लाली देवी, दादा श्री सुरेश चंद, नगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट वेद प्रकाश सैनी, उपाध्यक्ष महावीर चर्खियाजी, उपाध्यक्ष संजय कुमार यादव, सचिन प्रवक्ता नगर कांग्रेस नीमराना राजकुमार, ऋषि कुमार सैनी, रोहतास, अनु सोनू, बलवंत, ओमवीर, हानिपाल सूबेदार मेजर वीरेंद्र सिंह, विक्रम, सविता, ममता, सुनीता देवी, मुनेश, रेनू, प्रिया, पिंकी, कांता, गीता, अंशु, हिमांशु, खुशी, ममता, अनामिका आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बेटी के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और कहा कि बेटियां समाज की शक्ति हैं और उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।

देवरोड पहुँचे केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल: भजनों के जरिए दी शोक संतप्त परिवार को सांत्वना

भीम प्रज्ञा न्यूज़.पिलानी।

केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शनिवार देर शाम पिलानी क्षेत्र के ग्राम देव रोड पहुँचे। वे अपने समधी शिव प्रसाद आर्य के बड़े भाई (99 वर्ष) के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने आए थे। शोक सभा में करीब 40 मिनट रुककर केंद्रीय मंत्री ने परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने अपनी विशिष्ट शैली में भजन गायन कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। भजन के माध्यम से उन्होंने विस्तार से बताया कि मानवीय जीवन किन चीजों के बिना अधूरा है और अध्यात्म का जीवन में क्या महत्व है। उनकी इस आत्मीय संवेदना ने वहाँ मौजूद लोगों को संबल प्रदान किया। पिलानी विधानसभा क्षेत्र में आगमन पर भाजपा नेता राजेश दहिया ने केंद्रीय

मंत्री को दुपट्टा ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। मंत्री ने एडवोकेट ईशान मिश्रा को जयपुर पिठ के पैनल अधिवक्ता नियुक्त होने पर बधाई दी। इस दौरान सरकारी और राजनीतिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।शोक संवेदना व्यक्त करने के दौरान शिव प्रसाद आर्य, संजय आर्य, अजय आर्य, राकेश आर्य सहित भाजपा नेता राजेश दहिया, ईशान मिश्रा (भारत सरकार के झुन्झुनूं जिला एडिशनल स्टैंडिंग काउंसिल), रामगोपाल मिश्र (पूर्व चेयरमैन, नगरपालिका चिड़ावा), महेंद्र कुलहरि, अनिल पायल, पार्षद राजेन्द्र पाल सिंह कोच, मोहित तामडायत, होशियार सिंह और अनूप सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मंत्री हेमसिंह भड़ाना को दी श्रद्धांजलि

भीम प्रज्ञा न्यूज़.नीमराना।

रमेशचंद । रविवार को खैरथल-तिजारा के गांव बघेरी कलां में पूर्व मंत्री हेमसिंह भड़ाना के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहुंचे। उन्होंने स्व. भड़ाना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका सार्वजनिक जीवन, जनसेवा के प्रति समर्पण और समाज के लिए किया गया योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका निधन अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, राजस्थान वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री संजय शर्मा, विधायक बानसूर देवी सिंह शेखावत, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, पूर्व विधायक रामहेत यादव, पूर्व विधायक जयराम जाटव सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्व. हेमसिंह भड़ाना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके जनसेवा कार्यों को याद किया।

स्टे आदेश की अवहेलना का आरोप, जिला वन अधिकारी झुंझुनू को सौंपा ज्ञापन

भीम प्रज्ञा न्यूज़.उदयपुरवाटी।

उदयपुरवाटी क्षेत्र में मंदिर मूर्ति श्रीगोपालजी की खातेदारी भूमि से जुड़े प्रकरण को लेकर स्वामी समाज के प्रतिनिधियों ने जिला वन अधिकारी झुंझुनू को ज्ञापन सौंपकर अंतरिम स्थगन आदेश की पालना सुनिश्चित करवाने की मांग की है। ज्ञापन में क्षेत्रीय वन अधिकारी धर्मवीर सिंह पर न्यायालय के स्टे आदेश की अनदेखी कर मनमानी करने का आरोप लगाया गया है। प्रकरण के अनुसार ग्राम नीमकाजोहड़ा, छापोली स्थित भूमि खसरा नंबर पुराना 1 व 61 से संबंधित नए खसरा नंबरों को लेकर माननीय उपखंड अधिकारी उदयपुरवाटी के न्यायालय में मुकदमा नंबर 412/2012 विचाराधीन है। न्यायालय द्वारा 18 जून 2013 को पारित अंतरिम स्थगन आदेश के तहत संबंधित पक्षों–जिलाधीश झुंझुनू, मुख्य वन संरक्षक एवं निदेशक वन भवन जयपुर, जिला वन अधिकारी झुंझुनू, क्षेत्रीय वन अधिकारी इन्द्रपुरा उदयपुरवाटी, तहसीलदार उदयपुरवाटी एवं ग्राम पंचायत छापोली–को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया था कि आवेदक पुजारी रामजीदास स्वामी को बिना विधिक प्रक्रिया बेदखल न किया जाए तथा भूमि पर किसी प्रकार का पुख्ता निर्माण अथवा हस्तक्षेप न किया जाए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि उक्त स्टे आदेश के बावजूद क्षेत्रीय वन अधिकारी धर्मवीर सिंह द्वारा उच्च अधिकारियों के निर्देशों का हवाला देते हुए संबंधित भूमि खसरा नंबर 131, 133, 134 तथा 4691/131, 4692/131, 4693/133, 4694/134 पर निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। यह भी कहा गया कि इनमें से कुछ भूमि वन विभाग के अधिकार क्षेत्र से बाहर है, इसके बावजूद मंदिर भूमि को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। स्वामी समाज के प्रतिनिधियों ने मांग की कि न्यायालय के आदेश की पालना करते हुए निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से रुकवाया जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में स्वामी समाज की जिला कार्यकारिणी के संयोजक प्रवीण स्वामी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष आशुतोष स्वामी, सह जिलाध्यक्ष मनीष स्वामी, सह जिलाध्यक्ष संजय स्वामी, मीडिया प्रभारी कमल स्वामी, कार्यालय प्रभारी हरीश स्वामी, सह संयोजक सुरेंद्र स्वामी, रवि स्वामी, विश्वनाथ स्वामी, चिड़ावा रामदास स्वामी उदयपुरवाटी, सुरेंद्र स्वामी झुंझुनू, जुगल स्वामी, ऋतु प्रवीण छावसरी, हिमांशु वैष्णव, पवन वैष्णव, रामजीदास वैष्णव नीमकाजोहड़ा छापोली सहित बड़ी संख्या में स्वामी समाज के लोग और पुजारीगण उपस्थित रहे। समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे।

यहां हैं सेल्फ केयर टिप्स जिन्हें आपको नहीं करना चाहिए इग्नोर

पीरियड के दौरान कई सारी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं–ब्लोटिंग, स्टमक पेन, कब्ज इसके कारण होने लगता है। इसके कारण मन भी चिडचिडा हो जाता है। तनाव और एंग्जायटी के कारण सिर दर्द की समस्या भी हो सकती है। ऐसी स्थिति में खुद को संभालना जरूरी है। एक्सपर्ट बताती हैं कि अपना ख्याल खुद रखने पर पीरियड के दौरान होने वाली समस्या भी कम हो जाती है। गायनेकोलोजिस्ट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर डॉ. रिद्धिमा शेट्टी अपने इन्स्टाग्राम पोस्ट में बताती हैं कि पीरियड के दौरान अपना ख्याल कैसे रखा जाए।

पीरियड के दौरान कई सारी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं- ब्लोटिंग, स्टमक पेन, कब्ज इसके कारण होने लगता है। इसके कारण मन भी चिडचिडा हो जाता है। तनाव और एंग्जायटी के कारण सिर दर्द की समस्या भी हो सकती है। ऐसी स्थिति में खुद को संभालना जरूरी है। एक्सपर्ट बताती हैं कि अपना ख्याल खुद रखने पर पीरियड के दौरान होने वाली समस्या भी कम हो जाती है। गायनेकोलोजिस्ट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर डॉ. रिद्धिमा शेट्टी अपने इन्स्टाग्राम पोस्ट में बताती हैं कि पीरियड के दौरान अपना ख्याल कैसे रखा जाए।

क्यों होती हैं मेंसटरुअल पीरियड के समय समस्याएं- पीरियड के दौरान आपका यूटेरस यानी गर्भाशय अपनी लाइनिंग को बाहर निकालने के लिए सिकुड़ता है। प्रोस्टाग्लैंडिंस जैसे हॉर्मोन गर्भाशय की मांसपेशियों के संकुचन को ट्रिगर करते हैं। इससे दर्द और सूजन होता है। यदि प्रोस्टाग्लैंडिंस का लेवल हाई होता है, तो पीरियड के दौरान अधिक पीरियड क्रैम्प होते हैं। पीरियड क्रैम्प के अलावा, ब्लोटिंग, कब्ज जैसी समस्याएं भी होती हैं।

1 सबसे पहले खुद को हायड्रेटेड रखें-कई अध्ययन यह निष्कर्ष बताते हैं कि डी हायड्रेशन से पेल्विक पेन की गंभीरता बढ़ जाती है। यदि आप पर्याप्त मात्रा में पानी और फ्लूइड लेती हैं, तो यह पीरियड के ब्लड फ्लो की अवधि को कम कर सकता है। दर्द कम हो सकता है। ब्लोटिंग की समस्या भी खत्म हो सकती है। साथ ही, बोवेल मूवमेंट भी सही तरीके से हो पाता है। इसलिए पीरियड के दौरान लिक्विड डाइट का सेवन बढ़ा दें। जाड़े का मौसम हो या गर्मी का, पानी जरूर पीयें।

2 पीरियड क्रैम्प के दौरान मसाज -यदि पीरियड के कारण पीरियड क्रैम्प हो रहा है, तो हीट बैग या हॉट वाटर बैग पीठ के नीचें रखें।इसके अलावा, गुनगुने आयल से मसाज भी फायदेमंद होता है। इससे ब्लड सरकुलेशन सही होता है और दर्द में राहत मिलती है।

3 योग और एक्सरसाइज -यदि आप योग के नियमित अभ्यास करती हैं, तो पीरियड के दौरान आपको बहुत अधिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह पीरियड क्रैम्प को कम कर सकता है। इसके कारण अनियमित पीरियड नहीं होगा। यह आपकी कई अन्य शारीरिक और मानसिक समस्याओं को दूर करने में भी मदद कर सकता है। ध्यान रखें, पीरियड के दौरान ऐसा योग और एक्सरसाइज करें, जिनमें पेट, पीठ और लोअर पार्ट पर बहुत अधिक भार नहीं पड़े। **4 शुगर क्रेविंग को करें इग्नोर**-आमतौर पर पीरियड के दौरान किसी ख़ास फ़ूड की क्रैविंग होती है। जैसे कि चटपटा-मसालेदार और मीठे पकवान। रिद्धिमा शेट्टी चेताती हैं कि पीरियड के दौरान एडेड शुगर से तैयार फ़ूड, प्रोसेस्ड फ़ूड को इग्नोर करें। कैफीन और निकोटीन का सेवन एकदम कम मात्रा में करें। यदि शराब और सिगरेट पीने की लत है, तो पीरियड के दौरान इसे छोड़ दें।इसके स्थान पर पोषक तत्वों से भरपूर भोजन लें। हेल्दी ड्रिंक लें। डाइट फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बोवेल मूवमेंट सही तरीके से हो पायेगा। कब्ज, पिम्प्लस की शिकायत नहीं हो पाएगी।

5 मेडिटेशन -पीरियड के दौरान आप तनाव में रहने लगती हैं। कुछ लोगों में अवसाद के भी लक्षण दिखते हैं। इस दौरान अपने मन को शांत करना बेहद जरूरी है। यदि अपनी व्यस्त दिनचर्या में 5 मिनट का समय निकाल लेती हैं, तो योग की शुरुआत की जा सकती है। रोज 5-10 मिनट योग की मुद्रा में बैठ जाएं। सांस पर ध्यान देते हुए लंबी सांस लें और सांस छोड़ें। यदि आप लगातार मेडिटेशन करेंगी, तो पीरियड के दौरान आप खुद को तनाव मुक्त पाएंगी। यह आपके मेंटल हेल्थ के लिए भी काम करेगा। **6 डॉक्टर से संपर्क करें**- यदि समस्या अधिक होती है, तो अपनी गायनेकोलॉजिस्ट से जरूर संपर्क करें। वे अच्छी तरह जांच कर समस्या के बारे में जानकारी और निदान बतायेंगी। सप्लीमेंट लेने से समस्या में तुरंत राहत मिल सकती है।

खुद से प्यार करना है सफलता की पहली सीढ़ी,यहां हैं सेल्फ लव विकसित करने के तरीके

चुनौतियों से जूझते हुए सफल होना चाहती हैं, तो सबसे पहले खुद से प्यार करना सीखें। यहां हैं एक्सपर्ट के बताये सेल्फ लव डेवलप करने के तरीके।आप हर दिन चुनौतियों से जूझती हैं। खासकर आप जब वर्किंग और होममेकर के डबल रोल में हैं। घर और ऑफिस फ्रंट पर डेडलाइन पर सारे काम और जिम्मेदारियां पूरी करनी पडती हैं। यदि आप किसी काम को पूरा नहीं कर पाती हैं, तो आपके हाथ असफलता भी आ सकती है। आगे का समय आपके लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सामने चुनौती होने पर व्यक्ति हारने के एहसास से जूझने भी लग सकता है। इस समय व्यक्ति स्वयं को सबसे अधिक दोष देने लगता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि चुनौतीपूर्ण समय के दौरान सबसे अधिक सेल्फ लव की जरूरत होती है।न्यूट्रिशनिष्ट और इन्स्टाग्राम पर प्रसिद्ध अंजलि मुख़र्जी बताती हैं, ' सबसे अधिक खुद से प्रेम करना जरूरी है। विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण समय के दौरान आत्म-प्रेम महत्वपूर्ण है। कुछ उपायों को अपनाकर अपने-आप से प्रेम किया जा सकता है। **1 अपनी वेल बीइंग पर फोकस करें**-खुद का भला करने के बाद ही दूसरों का भला कर पाएंगी। अपने स्वास्थ्य पर यदि ध्यान नहीं दे पाती हैं। हमेशा दूसरों का ख्याल करने में जुटी रहती हैं, तो बीमार भी पड़ सकती हैं। बीमार पड़ने पर सफलता पाने की सभी कोशिशों पर ब्रेक लग जायेगा। इसलिए खुद पर ध्यान केंद्रित करें। अपने-आपको प्राथमिकता दें। अपने-आप में आत्मविश्वास जगाएं। यदि आप चाहेंगी, तो खानपान और फिटनेस पर ध्यान दे पाएंगी। इसके लिए समय निकालें। क्योंकि सुंदर जीवन की कुंजी एक स्वस्थ मन और शरीर में हो सकती है। **2 कॉन्शियसहोकर स्वयं की देखभाल करना**-कई बार महिलाएं ड्यूटी पूरी करने के चक्कर में ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर का कोरम पूरा कर लेती हैं। कई दिनों तक अपना चेहरा आइने में नहीं देख पाती हैं। बाल रूखे हैं या बेजान उन्हें कोई फिक्र नहीं होती है। कई बार बिना आयरन किये कपड़ों को पहनकर ऑफिस पहुंच जाती हैं। यानी पूरी तरह से अपनी देखभाल को इग्नोर करती हैं। अंजलि कहती हैं कि अपनी पसंद-नापसंद का पूरा ख्याल रखें। खुद को सजायें-सवारें। खुद की देखभाल की ललक पैदा करने पर ही अपने प्रति प्रेम को जगा सकती हैं।



3 यह समझना कि आप मायने रखती हैं-हम हमेशा अपने-आप को कमतर आंकते-समझते हैं। खुद को महत्व देना ही भूल जाते हैं। मायने देना तो दूर की बात है। दिन भर की व्यस्तता के बीच कुछ समय अपने लिए निकालें। कुछ क्षण यह जरूर सोचें कि आप विशेष हैं। आपने कुछ श्रेष्ठ कार्य भी किया है। इन कार्यों की वजह से आपका वजूद है और आप घर या ऑफिस में मायने रखती हैं। अगर आप कभी किसी से प्यार करना चाहती हैं या किसी से प्यार करती हैं, तो सबसे पहले खुद से बिना शर्त प्यार करना शुरू करें। जब आप खुद से प्यार करना सीख जायेंगी, तभी दूसरा व्यक्ति भी आपको महत्व देगा और आपको प्यार करेगा।

सुबह उठते ही महसूस होती है कमजोरी और थकान

तो ट्राई करें ये इंस्टेंट एनर्जी टिप्स

बिजी लाइफस्टाइल और रात में देर से सोना कमजोरी और सुस्ती का कारण बन सकता है। अगर आपके साथ भी अक्सर ऐसी समस्या रहती हैं, तो ये 5 टिप्स आपकी एनर्जी बनाए रखने में मदद कर सकती है। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में खुद के लिए समय निकाल पाता एक मुश्किल टास्क हो गया है। इससे अपनी हॉबीज को बनाए रखना तो मुश्किल हुआ ही है। बल्कि इसका सबसे ज्यादा असर हमारी फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर गहरा असर पड़ता है। हम जल्दबाजी के कारण जंक और पेकेज्ड फूड के आदि हो गए है। जिससे इम्युनिटि और पाचन क्रिया पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। वही एक्स्ट्रा वर्क प्रेशर के कारण मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुचा है। इसके कारण ही हमें सोने के बाद भी आलस और कमजोरी का अहसास होता है। अब काम का तनाव को कम करना मुश्किल है। लेकिन कुछ चीजों को अपनाकर खुद को रिलेक्स जरूर किया जा सकता है। **हेल्थ शॉट्स के इस लेख में आज हम आपको ऐसी टिप्स के बारें में बताएंगे जो आपको थकान और कमजोरी से राहत देने में मदद कर सकती है।**

1. स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज- थकान और कमजोरी होने पर अक्सर शरीर में अकड़न महसूस होने लगती है। अगर ऐसे में आप कुछ आसान स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज या योग करती हैं, तो इससे आपको बहुत ज्यादा राहत मिल सकती है। स्ट्रेचिंग करने से शरीर की मांसपेशियों को खुलने में मदद मिलती है। इससे आपकी बॉडी और माइंड को रिलेक्स होने में मदद मिल सकती है।

2. मेंटली रिलेक्स रखेगा मेडिटेशन- मेंटली रिलेक्स रहने के लिए मेडिटेशन से बेहतर कोई और विकल्प हो ही नही सकता। अगर आपको सुबह उठने पर थकान और सुस्ती महसूस होती है, तो इसका कारण आपका अनहेल्दी स्लीप पैटर्न और मानसिक तनाव हो सकता है। इसलिए खुली जगह बैठकर कम से कम 15 से 20 मिनट के लिए मेडिटेशन जरूर करें।इसके अलावा आप कुछ देर के लिए बाहर वॉक के लिए भी जा सकती हैं। फ्रेश एयर मूड बूस्टिंग में फायदेमंद होती है। यूनिवर्सिटी ऑफ रोचेस्टर की रिसर्च के मुताबिक प्रकृति के कुछ समय बिताने से ज्यादा फ्रेश और एक्टिव बने रहने में मदद मिलती है।

3. तेल मालिश देगी आराम- गुनगुने तेल की मालिश मांसमेशियों को रिलेक्स करने में मदद करेगी। इससे आपकी बॉडी एक्टिव होगी और सुस्ती और थकान में भी राहत मिलेगी। साथ ही कुछ स्ट्रेस रिलीफ थिरेपीज करने से मेंटली रिलेक्स होने में भी मदद मिलेगी।

4. एनर्जी बूस्टिंग ब्रेकफास्ट करें-ब्रेकफास्ट करने से आपकी बॉडी में दिनभर एनर्जी बनी रहेगी। इसके लिए आप हेल्दी फ्रूटस और जूस या भीगे हुए ड्राई फ्रूटस भी ले सकती है। इस दौरान मील हेवी लेकिन लो कैलोरी वाला होना चाहिए।

घाना मेडिकल जर्नल में पब्लिश एक रिसर्च के मुताबिक मॉर्निंग मील अवॉइड करने से आपके शरीर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, इससे एनर्जी में कमी आने के साथ फोकस करने में परेशानी हो सकती है। **5. गर्म पानी से नहाएं**-गर्म पानी से नहाने से आपकी बॉडी रिलेक्स होगी और आप एक्टिव महसूस करेंगे। गर्म पानी आपकी बॉडी पर हीट थेरेपी की तरह काम करेगा जिससे आपको फिट और एक्टिव महसूस करने में बहुत मदद मिलेगी। सुस्ती और थकान से तुरंत राहत पाने के लिए यह सबसे आसान और असरदार तरीका माना गया है। गर्म पानी मांसपेशियों को एक्टिव करने के साथ मेंटल स्ट्रेस से रिलेक्स देने में भी मदद करेगा।

एक्सपर्ट के बताए इन टिप्स के साथ आप भी कर सकते हैं गठिया को कंट्रोल

प्यूरीन का बढ़ना यूरिक एसिड को ट्रिगर करता है, जिससे सर्दियों में जोड़ों में दर्द बढ़ जाता है। जानिए इसे कैसे कंट्रोल करना है।कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थ होते है जो शरीर में प्यूरीन की मात्रा को बढ़ा देते हैं। जिनसे शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है। जो शरीर में गाउट या गठिया की समस्या का कारण बन जाता है। इसलिए गठिया की समस्या से बचने के लिए जरूरी है कि इस तरह के खाद्य पदार्थों से परहेज किया जाए। आइए जानते हैं कौन से हैं प्यूरीन बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ और कैसे किया जा सकता है गठिया को कंट्रोल । **क्या है प्यूरीन और यूरिक एसिड का कनैक्शन**-यूरिक एसिड ब्लड में पाया जाने वाला एक वेस्ट प्रोडक्ट है। यह शरीर में प्यूरीन नामक रसायन से बनता है। अधिकांश यूरिक एसिड ब्लड में घुल जाता है या फिर किडनी से गुजरते हुए यूरीन के माध्यम से शरीर से बाहर निकल जाता है। पर जब यह ज्यादा बढ़ जाता है तो किडनी इसे बाहर नहीं निकाल पातीं, जिससे गठिया की समस्या होने लगती है। आइए जानते हैं इनके बारे में विस्तार से। साथ ही गठिया से बचाव के उपाय भी।

यहां हैं वे फूड जिनमें प्यूरीन की मात्रा ज्यादा होती है
समुद्री भोजन (विशेष रूप से झींगा मछली और सार्डिन)।
लाल मांस
ऑरगन मीट जैसे लिवर
शराब (बीयर, गैर-अल्कोहल बीयर)

जानिए कैसे किडनी पर बोझ बढ़ाते हैं ये आहार-किडनी अवश्यकतानुसार यूरिक एसिड को शरीर में छोड़ कर बाकि को फिल्टर कर बाहर करती है। ताकि शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा मात्रा [illegible] पाती, तो यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने लगती है। जिससे शरीर के जोड़ों में दर्द शुरू हो जाता है। गठिया के इलाज के लिए कुछ लोगों को

दवा की जरूरत होती है। मगर आहार और जीवनशैली में बदलाव करके भी इस समस्या से बचा जा सकता है।

इस बारे में क्या कहती हैं रिसर्च-मायो क्लीनिक के अनुसार गाउट आहार यानी गाउट की समस्या से बचाने वाले आहार ब्लड में यूरिक एसिड के स्तर को कंट्रोल कर सकते हैं। गाउट आहार किसी तरह का इलाज नहीं है, लेकिन यह गाउट के खतरे को कम कर सकता है और जोड़ों को होने वाली क्षति को कम कर सकता है। मायो क्लीनिक के अनुसार डाइट में कुछ आहार को शामिल करके यूरिक की मात्रा को कम किया जा सकता है। एक स्वस्थ वजन और अच्छी खाने की आदतें विकसित कर गठिया से बचा जा सकता है। साथ ही हाई प्यूरीन वाले खाद्य पदार्थों से बचें और उन फूड्स को शामिल करें ।जो यूरिक एसिड के स्तर को नियंत्रित कर सकते हैं।

गठिया आहार में किन चीजों को शामिल किया जाना चाहिए-न्यूट्रिशनिस्ट और वेलनेस एक्सपर्ट करिश्मा शाह सुझाव देती हैं कि जीवन शैली और खानपान में बदलाव करके यूरिक एसिड के स्तर को नियंत्रित और कम किया जा सकता है। इसके लिए आप इन चीजों को फॉलो कर सकती हैं ङ्क

1 वजन घटाएं-अगर आपका वजन अधिक है, तो इससे भी गाउट विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है और वजन कम करने से गाउट का खतरा कम हो जाता है। वजन कम करने से जोड़ों पर पड़ने वाले तनाव को भी कम किया जा सकता है।

2 कॉम्प्लेक्स कार्ब्स करें आहार में शामिल- कार्बोहाइड्रेट से भरपूर अधिक फल, सब्जियां और साबुत अनाज खाएं। उच्च फ्रुक्टोज कॉर्न सिरप वाले खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों से बचें, और प्राकृतिक रूप से मीठे फलों के जूस के सेवन से भी बचें। **3 विटामिन सी**-विटामिन सी का सेवन यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। यह बात अभी तक रिसर्च में सामने नहीं आई है कि यह कैसे काम करता है। यूरिक एसिड को नियंत्रित करने के लिए आपके लिए विटामिन सी का सेवन बढ़ाना फायदेमंद है या नहीं इसके लिए आपको अपने डॉक्टर से बात करने की जरूरत है।साथ ही विटामिन सी के सप्लीमेंट को भी शामिल किया जा सकता है। वसा- रेड मीट, वसायुक्त पोल्ट्री और उच्च वसा वाले डेयरी उत्पादों के सैचुरेटेड वसा को कम करें। प्रोटीनङ्क प्रोटीन के स्रोत के रूप में लीन मांस और पोल्ट्री, कम वसा वाले डेयरी और दालों पर ध्यान दें।

ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय विधिक संगोष्ठी में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ

संविधान और लोकतंत्र बचाने की जिस चेतावनी को सुप्रीम कोर्ट के चार जस्टिस ने दिया था वही हालात आज भी कायम हैं : एडवोकेट खोवाल

ओबीसी कांग्रेस लीगल सेल की राष्ट्रीय विधिक संगोष्ठी-2026 में हिसार के वकीलों की सक्रिय भागीदारी

केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार, संविधान व सामाजिक न्याय की रक्षा का संकल्प

भीम प्रज्ञा न्यूज़.हिसार/नई दिल्ली।

विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) । ओबीसी कांग्रेस की लीगल सेल द्वारा एआईसीसी मुख्यालय इंदिरा भवन नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय विधिक संगोष्ठी-2026 में 'संवैधानिक चुनौतियाँ : दृष्टिकोण और आगे की राह' विषय पर सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देश के संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय पर हो रहे हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की गई। सम्मेलन में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कर संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में हिसार से एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लेकर संविधान के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट रहे जबकि अध्यक्षता ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में जितेंद्र बघेल, सुभाषिनी

यादव, रोहित प्रताप सिंह, अंबिका यादव तथा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट हरियाणा के स्टेट चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल मंच पर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सचिन पायलट ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी का स्पष्ट विजन है कि भारतीय संविधान गरीबों, वंचितों और पिछड़े वर्गों का सबसे बड़ा हथियार और सुरक्षा कवच है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जो समानता, न्याय, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित संविधान की रक्षा के लिए मजबूती से खड़ी है।ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने अधिवक्ताओं से सड़क से लेकर अदालत तक संघर्ष तेज करने का आह्वान करते हुए कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी संविधान की मूल भावना समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसे कमजोर करने वाले किसी भी प्रयास का पुरजोर विरोध करेगी।हिसार से दिल्ली पहुंचे एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने केंद्र सरकार की साम्प्रदायिक, विभाजनकारी और जनविरोधी नीतियों की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि वर्तमान नीतियाँ देश की एकता, सामाजिक समरसता और संविधान की आत्मा के लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान जो आम नागरिक के अधिकारों, समानता और न्याय की गारंटी देता है उसे सुनियोजित तरीके से कमजोर किया जा रहा है। संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा है तथा वंचितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों सहित आम नागरिक के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में संविधान पर बढ़ते हमलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के चार जस्टिस को प्रेस कांफ्रेंस कर देश से संविधान और लोकतंत्र बचाने की अपील करनी पड़ी थी और दुर्भाग्यवश आज भी वही हालात बने हुए हैं।सम्मेलन में उपस्थित अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयास नहीं रुके तो कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के विजन के अनुरूप अंबेडकर, नेहरू और गांधी की विरासत को आगे बढ़ाते हुए एक देशव्यापी कानूनी एवं सामाजिक आंदोलन खड़ा करेगी ताकि हर नागरिक के संवैधानिक अधिकार सुरक्षित रह सकें।

नेपाल की धरती पर भारतीय युवा देवांग जोशी को डेटा साईंस के क्षेत्र में एशिया कॉन्टिनेंट आवार्ड

भीम प्रज्ञा न्यूज़.जयपुर/काठमांडू।

नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा भारतीय युवा देवांग जोशी को डेटा साईंस एवं ए आई के क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट कार्य के लिए एशिया कॉन्टिनेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जोशी का कार्य क्षेत्र मुख्य रूप से भारत इंडोनेशिया एंव संयुक्त राज्य अमेरिका रहा है। ये फार्च्यून 50 कंपनियों को इस तेजी से बदलती दुनिया में आगे बने रहने में डेटा मैनेजमेंट एंव ए आई के माध्यम से मदद कर रहे है। इन्होने मणिपाल इन्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से बी टेक की पढ़ाई की है जहां से माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ श्री सत्य नडेला ने भी बी टेक की पढ़ाई पूरी कई थी। इसके बाद श्री जोशी ने संयुक्त राज्य अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिनसिनाटी से बिज़नेस एनालिटिक्स में मास्टर्स करने के बाद उन्होंने कंसल्टेंसी के क्षेत्र में दुनिया की बिग फोर कंपनी में से एक अर्नेस्ट एंड यंग कंपनी शिकागो में सीनियर कंसल्टेंट के तोर पर कार्य किया है। नेपाल की धरती काठमांडू में अंतरास्ट्रीय समरसता मंच द्वारा हुकुम चंद गणेशिया की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में महामहिम न्यायमूर्ती परमानन्द झा प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल सरकार, राजेंद्र महतो पूर्व उप प्रधान मंत्री नेपाल सरकार, नारायण प्रसाद पूर्व विदेश मंत्री नेपाल सरकार, विष्णु हरी पूर्व राजदूत जापान एव मधेश प्रदेश के मुख्य मंत्री कृष्ण प्रसाद यादव द्वारा यह अवार्ड दिया गया।

सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए पीएमएफएमई योजना काफी कारगार- डीसी अभिषेक मीणा

भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।

भांडोरिया । केंद्र सरकार द्वारा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत विशेष पहल की गई है। इस योजना के तहत इच्छुक लाभार्थी अपने नए अथवा मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम की स्थापना, विस्तार एवं उन्नयन के लिए आवेदन कर सकते हैं। सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने में पीएमएफएमई योजना कारगर साबित हो रही है। डीसी अभिषेक मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत

पात्र लाभार्थियों को ऋण पूंजी पर 35 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये निर्धारित है। योजना का लाभ नए व मौजूदा निजी तथा समूह आधारित सूक्ष्म उद्यमों को दिया जा रहा है। योजना के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीय नागरिक पात्र हैं। व्यक्तिगत उद्यमी, गैर-सरकारी संगठन, सरकारी समितियां, प्रोपराइटरशिप फर्म, साझेदारी फर्म, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) तथा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में भी आवेदन किया जा सकता है। अन्य सरकारी योजनाओं के लाभार्थी भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हैं।

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि पीएमएफएमआई योजना का लाभ 18 वर्ष से ऊपर की आयु का भारतीय नागरिक होना चाहिए। इसके अलावा व्यक्तिगत, गैर सरकारी संगठन, सरकारी समिति, प्रोपराइटरशिप फर्म, साझेदारी फर्म, एस.एच.जी./एफ.पी.ओ. तथा एकल इकाई के तौर पर व्यक्तिगत, एस.एच.जी./एफ.पी.ओ./प्राइवेट लिमिटेड कंपनी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने जिला के इच्छुक उद्यमियों से आह्वान किया कि वे पीएमएफएमई योजना का अधिकतम लाभ उठाकर स्वरोजगार को बढ़ावा दें तथा स्थानीय स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को सशक्त बनाएं।

समाज के लिए मिसाल: नापासर के कड़ेला परिवार ने तीन विवाह बिना दहेज कर रचा नया इतिहास

भीम प्रज्ञा न्यूज़.बीकानेर।

सोहनलाल परिहार । समाज में फैली दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के विरुद्ध एक मजबूत संदेश देते हुए बीकानेर जिले के नापासर क्षेत्र के उत्तरादा बास निवासी कड़ेला परिवार ने सादगी और सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल पेश की है। परिवार ने एक साथ तीन विवाह बिना किसी दहेज लेन-देन के सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न कर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण रखा है। प्रभु दयाल कड़ेला (एडवोकेट) के सुपुत्र कृष्णराज, सुपुत्री कोमल तथा उनके छोटे भाई रामेश्वर लाल कड़ेला (अध्यापक) के सुपुत्र राजेश का विवाह बिना दहेज और आडंबर के संपन्न हुआ। इन विवाहों में न तो दिखावा हुआ और न ही फिजूलखर्ची– सिर्फ पारिवारिक सादगी, सामाजिक संदेश और सकारात्मक सोच दिखाई दी। क्षेत्र में इस पहल की व्यापक सराहना हो रही है।

समिति ने जताया आभार

छात्रावास संचालन समिति ने कड़ेला परिवार की इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से समाज के वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और दहेज जैसी कुरीतियों पर भी अंकुश लगेगा। नापासर क्षेत्र में कड़ेला परिवार की यह पहल न केवल दहेज प्रथा के खिलाफ सशक्त संदेश है, बल्कि समाज सेवा और शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच का भी प्रतीक बनकर उभरी है।

समाज के उत्थान हेतु 11,000 रुपये का सहयोग

दहेज मुक्त विवाह के साथ-साथ कड़ेला परिवार ने सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए डॉ. अंबेडकर छात्रावास संचालन समिति को 11,000 रुपये की सहयोग राशि भेंट की। समिति के सचिव सोहनलाल गोयल द्वारा की गई अपील– 'मांगलिक अवसरों पर समाज के उत्थान के लिए सहयोग करें '–से प्रेरित होकर यह राशि छात्रावास निर्माण कार्य के लिए दी गई। उल्लेखनीय है कि कड़ेला परिवार इससे पूर्व भी 1,00,000 रुपये की सहयोग राशि छात्रावास को प्रदान कर चुका है। परिवार का मानना है कि विवाह, सालगिरह और अन्य उत्सवों पर अनावश्यक खर्च करने के बजाय समाज के गरीब और जरूरतमंद छात्रों की शिक्षा में सहयोग करना ही सच्चा सामाजिक उत्तरदायित्व है।

कांग्रेस ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष भांबू का जोरदार स्वागत: काटली नदी पर विधायक काला की मौजूदगी में जश्न

भीम प्रज्ञा न्यूज़.चिड़ावा।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा की गई नई नियुक्तियों के बाद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों के चिड़ावा आगमन पर काटली नदी के समीप भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। पिलानी विधायक पितराम काला की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। विधायक काला ने चिड़ावा ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष भांबू, उपाध्यक्ष शीशराम ओला, महासचिव रामजीलाल सैनी और छवि प्रकाश कालीरावणा को साफा पहनाकर और माला अर्पित कर उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान

उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। स्वागत समारोह में कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष संतोष सैनी और ब्लॉक अध्यक्ष संजय सैनी ने कहा कि नई नियुक्तियों से संगठन को धरातल पर मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनियुक्त टीम ओबीसी वर्ग के हितों और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की भारी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से सचिव रामजीलाल सैनी, जवाहरलाल शर्मा खुडाना, सत्येंद्र डूडी, राजू सांखला, महावीर जोया, बिहारी लाल शर्मा खुडाना, संत कुमार भांबू, महेंद्र लांबा, मुकेश कटेवा, सुभाष सांखला, सुनील सांखला, रणधीर कड़वासरा, ओमप्रकाश सांखला, अनिल कटेवा, चंचल भांबू (मालीगांव), कुलदीप भांबू, रामस्वरूप हलवाई, उपेश सैनी, गोवर्धन सैनी, आशा सैनी, पप्पू सैनी, योगेंद्र लांबा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

हज प्रशिक्षण शिविर: हाजियों को दी गई हज और उमराह की मुकम्मल रहनुमाई

भीम प्रज्ञा न्यूज़.बीकानेर।

सोहनलाल परिहार । जमीअत उलमा-ए-हिन्द की बीकानेर शाखा द्वारा खड़गावतों के मोहल्ले स्थित मदरसा तालीमुल इस्लाम में एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में वर्ष 2026 में हज यात्रा पर जाने वाले जायरीन को सफर की बारीकियों, अरकान और जरूरी मसाइल की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान हाजी सैयद इंसाफ अली ने उमराह के मुकम्मल तरीके पर रोशनी डालते हुए एहराम की नीयत, तवाफ, सई और हलक/कसर की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने जायरीन को सफर के दौरान सब्र, तहारत और अनुशासन बनाए रखने की हिदायत भी दी।

हज के अरकान की व्यावहारिक जानकारी

जयपुर से विशेष रूप से तशरीफ लाए मुख्य प्रशिक्षक हाजी गुलाम रसूल ने हज के अहम अरकान–एहराम, अरफा में वकूफ, मुजदलिफा में क़ियाम, रमी जमारात और तवाफ-ए-ज़ियारत–को प्रैक्टिकल अंदाज में समझाया। उन्होंने आसान भाषा में बताया कि किस तरह हाजी अपने मुकद्दस सफर को सुन्नत के मुताबिक मुकम्मल कर सकते हैं।

सवाल-जवाब सत्र में शंकाओं का समाधान

हाजी जमील मुगल ने सवाल-जवाब सत्र के जरिए हाजियों की शंकाओं और तकनीकी दिक्कतों का समाधान किया। सफर की तैयारी, जरूरी दस्तावेज, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां और समूह समन्वय जैसे विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया गया। मौलाना मोहम्मद इरशाद क़ासमी, महासचिव, जमीअत उलमा-ए-हिन्द (बीकानेर) ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य हाजियों को सफर के दौरान आने वाली परेशानियों से बचाना और उन्हें इबादत के सही तरीकों से रूबरू कराना है। कार्यक्रम के अंत में बड़ी संख्या में उपस्थित पुरुष एवं महिला जायरीन ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया। अंत में सभी प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

BSCT क्लब चैंपियन बना, 32वीं डॉ. बी.आर. अंबेडकर मेघवाल समाज क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

भीम प्रज्ञा न्यूज़.बीकानेर।

सोहनलाल परिहार । मोहल्ला खरनाडा एवं समस्त मेघवाल समाज के तत्वावधान में आयोजित 32वीं डॉ. बी.आर. अंबेडकर मेघवाल समाज क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 का भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में BSCT क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झझू स्पोर्ट्स को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में BSCT क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 147 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी झझू स्पोर्ट्स की टीम दबाव में टिक नहीं पाई और 66 रन पर सिमट गई। BSCT क्लब ने 81 रन के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। व्यक्तिगत पुरस्कारों में राजेंद्र पन्नू को फाइनल का मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने निर्णायक मुकाबले में 12 रन बनाते हुए 4 महत्वपूर्ण विकेट लिए। बेस्ट बॉलर का पुरस्कार अक्षय परिहार तथा बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार रॉबिन जनागल को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीजीएसटी अधीक्षक राजकुमार पन्नू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं से खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।समारोह में डॉ. कालूराम परिहार, कमल गोयल, प्रफुल्ल हटीला, अनिल लीलड़, मनीष कोलासर, राजेंद्र ईणखिया, मगन पंवार (जिला उपाध्यक्ष, राजस्थान मेघवाल समाज संस्था) सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता ने समाज में खेल भावना और एकजुटता का संदेश दिया।

एक ही चूल्हे की रोटी, चार पीढ़ियों का साथ, विराट हिंदू सम्मेलन में सोहनलाल शर्मा सम्मानित

भीम प्रज्ञा न्यूज़.नरहड़।

आधुनिकता की चकाचौंध और बिखरते संयुक्त परिवारों के बीच गाँव नरहड़ के शर्मा परिवार ने समाज के सामने संस्कारों की एक अनूठी मिसाल पेश की है। हाल ही में आयोजित 'विराट हिंदू सम्मेलन' में नरहड़ निवासी सोहनलाल शर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान किसी व्यवसायिक उपलब्धि के लिए नहीं, बल्कि भारतीय सनातन संस्कृति के आधार स्तंभ 'संयुक्त परिवार' की परंपरा को जीवित रखने के लिए दिया गया। सम्मेलन में इस बात ने सभी का ध्यान खींचा कि सोहनलाल शर्मा के परिवार की चार पीढ़ियां आज भी एक ही छत के नीचे, एक ही चूल्हे पर बनी रोटियां खाती हैं। समाज में गिरती पारिवारिक मर्यादाओं और बढ़ती दूरियों के बीच यह परिवार एकता और प्रेम का जीता-जागता उदाहरण है। आयोजन समिति ने इसे सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने और समाज को नई दिशा दिखाने वाला कदम बताते हुए सोहनलाल शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंच पर

सम्मान ग्रहण करते समय सोहनलाल शर्मा के साथ उनके पुत्र, पौत्र और प्रपौत्र (पड़पोते) भी मौजूद रहे। यह दृश्य देखकर पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उनके पुत्र जगदीप शर्मा 'शेरा' ने गर्व के साथ बताया कि हमें बचपन से ही हमारे दादाजी से यही संस्कार मिले हैं कि संयुक्त रहने में ही सबकी भलाई और शक्ति है। हमारे घर में आज भी बड़े-बुजुर्गों का निर्णय सर्वोपरि होता है। हम अपनी इस समृद्ध परंपरा को आगे भी पूरी निष्ठा के साथ निभाते रहेंगे। विराट हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उन व्यक्तित्वों को प्रोत्साहित करना था जो समाज की दशा और दिशा सुधारने में अग्रणी हैं। शर्मा परिवार का यह सम्मान उन लोगों के लिए एक संदेश है जो छोटे-छोटे विवादों में आकर परिवारों को बांट देते हैं।

राज्य स्तरीय पशु मेला: पशु संवाद आयोजित

भीम प्रज्ञा न्यूज़.बीकानेर।

सोहनलाल परिहार । लूणकरणसर में आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय पशु मेले के दूसरे दिन रविवार को मेला अध्यक्ष और उपखंड अधिकारी श्री दयानंद रुयाल, मेला सचिव और पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. बीरमा राम, मेला अधिकारी और उपनिदेशक डॉ. राजेन्द्र स्वामी की मौजूदगी में पशुपालकों के लिए संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया

गया। इसमें विषय विशेषज्ञ और उपनिदेशक डॉ राजेश स्वामी और डॉ गुलज़ार उपस्थित रहे। डॉ. राजेश स्वामी ने पशुपालकों से संवाद कर पशुओं में बांझपन, आफरा, थनैला रोगों से बचाव और उपचार के बारे में बताया। पशुपालकों को पशुओं में खनिज लवणों के महत्व की जानकारी दी। पशुओं में रोगों से बचाव हेतु टीकाकरण को अत्यावश्यक बताया। डॉ मोहम्मद गुलजार ने पशु प्रबंधन को पशुओं के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। डॉ. सुरेश कुमार पलसानिया द्वारा सर्जरी से संबंधित बीमारी टीआरपी के प्रबंधन की जानकारी दी। मेला सचिव डॉ. बीरमा राम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

धनुरी में आयोजित हुई 65वीं शहीद स्पोर्ट्स क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

नवयुवक मंडल लुमास ने जीता फाइनल मैच, किया ट्रॉफी पर कब्जा

भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडावा।

पवन कुमार शर्मा । धनूरी में चल रही 65 वीं फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में लुमास नवयुवक मंडल टीम ने जीत हासिल करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। लुमास टीम ने चेलासी टीम को प्लेंटी शूट आउट में 4ड्ड2 से हराकर फाइनल मैच जीता। नव युवक मंडल के संजय शर्मा ने बताया कि धनुरी में चल रही 65वीं फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 16 टीम ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 21000 हजार ओर ट्रॉफी ओर उप विजेता टीम को 11000 हजार ओर ट्रॉफी का पुरस्कार दिया गया। फाइनल मैच समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने लुमास टीम को बधाई दी। नवयुवक मंडल लुमास टीम धनूरी से लेकर लुमास गांव में गाजे बाजे के साथ लुमास पहुंचे जहां उनका गांव के आम चौक पर नवयुवक मंडल के सभी सदस्यों का ग्रामीण महिला ओर पुरुषों की ओर से स्वागत करते हुए मीठाई खिला कर बधाई दी गई। इस अवसर पर अमेरिका

प्रवासी कमलेश साईं ने फाइनल मैच की जीत की खुशी में बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों को 5100 रुपए की राशि देकर जल पान करवाया। नवयुवक मंडल लुमास के अध्यक्ष अरविंद शेखावत व मंडल सदस्य की ओर से ट्रॉफी को महात्मा गांधी राजकीय प्राथमिक विद्यालय के संस्था प्रधान कैलाश जांगिड़ को ट्रॉफी प्रदान की गई।ओर संस्था प्रधान ने सभी को फाइनल मैच जीतने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संजय शर्मा,दिनेश गोदारा, अजीत सिंह , अरविंद शेखावत सरवन साईं,सुनील शेखावत,रविन्द्र शेखावत,राहुल बुगालिया,अजय सिंह निर्बान, करम वीर शर्मा, दीपचंद म्हारिया ललित, मेनपाल , योगेश,जुगल किशोर, राजेश सैनी,आदि ग्रामीणों का सहयोग रहा।

कुमास पुनिया के मुक्तिधाम में शिव मूर्ति का लोकार्पण, विधायक रीटा चौधरी रहीं मुख्य अतिथि

भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडावा।

पवन कुमार शर्मा । निकटवर्ती ग्राम कुमास पुनिया के मुक्तिधाम में स्वर्गीय गोवर्धन सिंह पुनिया की स्मृति में स्थापित भगवान शिव की प्रतिमा का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडवा विधायक रीटा चौधरी रहीं, जिन्होंने फीता काटकर प्रतिमा का लोकार्पण किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। यह प्रतिमा स्व. गोवर्धन सिंह पुनिया की स्मृति में उनके सुपुत्र ओमप्रकाश पूनिया एवं कमल पूनिया द्वारा बनवाई गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिराम कुमास, पूर्व सरपंच शेखसर ने की।इस अवसर पर विधायक रीटा चौधरी ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्य न केवल दिवंगत परिजनों की स्मृति को चिरस्थायी बनाते हैं, बल्कि समाज में आध्यात्मिक वातावरण को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने परिवारजनों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में रघुवीर सिंह पुनिया, तनसुख पूनिया, श्रीनिवास पूनिया, भामाशाह श्रीचंद कुमासिया, मुबारीक खां सरपंच भीमसर, शशिकुमार भारू, रामदेव सिंह कोऑपरेटिव अध्यक्ष, कुलडाराम पुजारी जालिमपुरा, डॉ. अमर सिंह शेखावत, तेजप्रकाश भारू, कल्याण सिंह उपसरपंच शेखसर, अजाज नबी प्रधानाचार्य कुमास, राजेंद्र पुनिया मोडसरा का बास सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके अलावा देवकरण सिंह पुनिया, राजेंद्र सिंह पुनिया, करनीराम पुनिया, रणवीर सिंह पुनिया, रामू पुनिया, मुकेश पुनिया, बिजेंद्र पुनिया, मेगाराम, विद्याधर पुनिया, राजवीर पुनिया, जयनारायण पुनिया, नाहर सिंह शेखावत, शुभकरण कुमावत, ख्याली कुमावत, रामजी पारीक, उदय सिंह शेखावत, सुरेंद्र सिंह शेखावत, जयचंद कुमावत, ओकार सिंह, राजू सिंह शेखावत, रामचंद्र सिंह शेखावत, महेंद्र सिंह शेखावत, रामसिंह शेखावत, बजरंग लाल जागीड, बनवारी लाल स्वामी, पालाराम कुमावत, राजेंद्र कटारिया, कुलडाराम कटारिया, संजय पणिहार, रमजान, मामराज बेरवाल, रतन कुमावत, मिठू मिस्त्री सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में रणवीर सिंह पुनिया ने सभी अतिथियों और उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। समारोह श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता के वातावरण में संपन्न हुआ।

साफ़ अंडर-19 महिला दक्षिण एशियाई फुटबॉल चैम्पियनशिप में ढींगसरी की बेटी मुन्नी भांभू का परचम, बनीं सर्वश्रेष्ठ गोलरक्षक

भीम प्रज्ञा न्यूज़.बीकानेर।

सोहनलाल परिहार । राजस्थान के बीकानेर ज़िले के नोखा क्षेत्र के ढींगसरी गाँव की प्रतिभाशाली बेटी मुन्नी भांभू ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। भारतीय महिला फुटबॉल टीम की गोलरक्षक मुन्नी ने लगातार दूसरे वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक और बड़ी सफलता अपने नाम की। वर्ष 2025 में साफ अंडर-17 महिला चैम्पियनशिप में विजय प्राप्त करने के बाद अब साफ अंडर-19 महिला चैम्पियनशिप में भी मुन्नी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने पूरे प्रतियोगिता काल में अपने बेहतरीन बचाव, त्वरित निर्णय क्षमता और आत्मविश्वास से भारतीय टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके

असाधारण प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ गोलरक्षक के सम्मान से अलंकृत किया गया। ग्रामीण परिवेश से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँची मुन्नी की यह सफलता कठोर परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की प्रेरणादायक कहानी है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची लगन और निरंतर अभ्यास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। मुन्नी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से ढींगसरी गाँव, नोखा क्षेत्र और पूरे बीकानेर ज़िले में हर्ष और गर्व का वातावरण है। परिजनों, खेल प्रेमियों तथा क्षेत्रवासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे आगे भी इसी प्रकार भारत का मान बढ़ाती रहें और नई ऊँचाइयों को स्पर्श करें। मुन्नी भांभू आज देश की बेटियों के लिए प्रेरणा का प्रतीक बनकर उभरी हैं।

कांग्रेस संगठन का विस्तार: कमल मेघवाल बीकानेर जिला कांग्रेस SC प्रकोष्ठ के 'जिला सचिव' नियुक्त

खाजूवाला और बीकानेर में पार्टी को मिलेगी मजबूती

कमल मेघवाल लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के एक निष्ठावान सिपाही रहें हैं।विधानसभा क्षेत्र से लेकर बीकानेर शहर तक पार्टी की विचारधारा को गाँव-गाँव तक पहुँचाना। संगठन को एकजुट करने और युवाओं को पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ने में विशेषज्ञता तथा दलित समाज और वंचित वर्गों की समस्याओं को मुखरता से उठाना। कमल मेघवाल की नियुक्ति की खबर मिलते ही कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाई बाँटकर खुशी मनाई। समर्थकों का विश्वास है कि उनके 'जिला सचिव' बनने से जिले में स्ष्ट प्रकोष्ठ को नई ऊर्जा और गति मिलेगी। 'हमारा लक्ष्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाना और कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना है।

भीम प्रज्ञा न्यूज़.बीकानेर।

सोहनलाल परिहार । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रति समर्पण और सक्रियता को देखते हुए संगठन में महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की गई हैं। इसी क्रम में, कमल मेघवाल को बीकानेर जिला कांग्रेस स्ष्ट प्रकोष्ठ का 'जिला सचिव' नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति स्ष्ट प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष ममता भूपेश के निर्देशानुसार की गई है, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल को बताया कि अपनी नियुक्ति के बाद कमल मेघवाल ने पूर्व कैबिनेट मंत्री और बीकानेर लोकसभा प्रत्याशी (2024) गोविंद राम मेघवाल के प्रति गहरा आभार प्रकट किया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि आज मैं जिस मुकाम पर हूँ, वह मेरे गुरु गोविंद राम मेघवाल के मार्गदर्शन का फल है। उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मैं खाजूवाला से लेकर पूरे बीकानेर जिले में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए समर्पित रहूँगा। '

विद्यार्थियों की मांग पर कलेक्टर क्लास का शुभारंभ

उद्घाटन बाद में, छात्रों की तैयारी को प्राथमिकता देते हुए रविवार से शुरू हुई नियमित कक्षाएं

भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।

बच्चों की मांग और उनकी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को ध्यान में रखते हुए भारतीय शिक्षक आरएएस अकादमी में रविवार से कलेक्टर क्लास में अध्यापन कार्य विधिवत प्रारंभ कर दिया गया है। अकादमी प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कलेक्टर क्लास का औपचारिक उद्घाटन समारोह बाद में आयोजित किया जाएगा, फिलहाल विद्यार्थियों के समय और तैयारी को सर्वोपरि मानते हुए कक्षाएं शुरू की गई हैं।

ओरिएंटेशन क्लास में बदले परीक्षा पैटर्न पर विस्तृत मार्गदर्शन

कलेक्टर क्लास के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित ओरिएंटेशन सत्र में कमलकांत जोशी सर (कलेक्टर क्लास संयोजक) ने विद्यार्थियों को नवीन परीक्षा पैटर्न के अनुरूप तैयारी की रणनीति से अवगत कराया। उन्होंने सिलेबस की गहन समझ, उत्तर लेखन अभ्यास तथा समय-प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताते हुए इन पर विशेष जोर दिया।

अकादमी प्रशासन ने जानकारी दी कि कलेक्टर क्लास के सभी विद्यार्थी भारतीय शिक्षक ऐप को प्ले स्टोर से डाउनलोड कर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के पश्चात विद्यार्थी टेस्ट सीरीज़ सहित अन्य डिजिटल शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कक्षाओं की शुरुआत से विद्यार्थियों में उत्साह

कलेक्टर क्लास की शुरुआत को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। शिक्षकों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल विद्यार्थियों की तैयारी को मजबूत करेगी तथा उन्हें प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

नि:शुल्क ऑनलाइन टेस्ट सीरीज़ की घोषणा

ओरिएंटेशन सत्र को संबोधित करते हुए भारतीय शिक्षक आरएएस अकादमी के निदेशक महेश भास्कर ने कलेक्टर क्लास के विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क ऑनलाइन टेस्ट सीरीज़ की घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह टेस्ट सीरीज़ नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित होगी, जिससे विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा जैसा अभ्यास मिल सकेगा।

प्रसिद्ध भजन गायक प्रकाश दास महाराज ने केड शक्ति धाम के दर्शन किए

भीम प्रज्ञा न्यूज़.गुढ़ागौड़जी।

सुमेर मीणा । भजन सम्राट प्रकाश दास महाराज ने रविवार को प्रसिद्ध केड शक्ति धाम के दर्शन किए। आदिवासी श्री मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाज सेवी सुरेश मीणा किशोरपुरा, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पलटूदास अखाड़ा मोरिंडा धाम के मुख्य संयोजक गिरदावर जगदीश प्रसाद शर्मा सहित कई वरिष्ठ लोग भी

महाराज के साथ रहे।। किवाड़ गौशाला के महंत दादूपंथी संत प्रकाश दास महाराज ने देश की युवा पीढ़ी को अपना जन्म दिवस गौ शाला में गौ माता को चारा खिलाकर मनाने का संदेश दिया। उन्होंने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की। इस अवसर पर राधेश्याम कुमावत, मुकेश शर्मा घाटीपुरा, राकेश मीणा, सत्यनारायण, पिंटू भैया, सहित कई लोग उपस्थित थे।

मारपीट करने के दोषी को एक साल की कैद और 50 हजार रुपये का जुर्माना

भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।

भांडोरिया । कुंड बैरियर स्थित एक सब्जी की दुकान पर काम करने वाले व्यक्ति के साथ मारपीट करने के मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंकिता शर्मा की अदालत ने आरोपी गांव मनेठी निवासी विजयपाल को दोषी करार देते हुए एक साल कैद व 50 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। 18 अक्टूबर 2020 को गांव मनेठी की रहने वाली मीना देवी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि उसका पति गोपीराम कुंड बैरियर स्थित जैनाबाद निवासी धोलू की दुकान पर काम करता था। 18 अक्टूबर को भी वह रोजाना की तरह दुकान पर काम करने के लिए गए थे। सुबह करीब 8 बजे गांव मनेठी निवासी विजयपाल ने बिना किसी कारण उनके पति गोपीराम के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। मीना देवी को उनके भाई नीलम ने इस घटना की जानकारी दी थी। परिजनों ने घायल गोपी राम को उपचार के लिए रेवाड़ी स्थित अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां से उसे रेफर कर दिया गया था। जिस पर पुलिस ने मीना देवी की शिकायत पर थाना खोल में आरोपी विजयपाल के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। पुलिस ने आरोपी विजयपाल को गिरफ्तार कर लिया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दायर की। सभी दलीलें सुनने के बाद अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंकिता शर्मा ने आरोपी विजयपाल को दोषी करार देते हुए एक साल कैद और 50 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है।

आईजीयू में कंप्यूटेशनल मैथमेटिकल सॉफ्टवेयर R' विषय पर दो दिवसीय वर्कशॉप का होगा आयोजन

भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।

भांडोरिया । इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी में गणित विभाग द्वारा 9 एवं 10 फरवरी 2026 को 'कंप्यूटेशनल मैथमेटिकल सॉफ्टवेयर ₹' विषय पर दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। वर्कशॉप के मुख्य वक्ता प्रोफेसर अतहर अली खान, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ से विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इस वर्कशॉप में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय से संबंधित सभी महाविद्यालयों जिनमें एमएससी गणित विषय है, उन सभी को आमंत्रित किया गया है। गणित विभाग से डॉ. महावीर बड़क ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों को इस नए सॉफ्टवेयर R के बारे में ओर भी जानकारी मिलेगी जिससे शैक्षणिक मामलों को ओर ऊंचाई पर लेकर जाया जा सकेगा।

मुंडरू में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन : संगठित हिंदू समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माता

मुख्य वक्ता सेठिया ने मायड़ भाषा राजस्थानी में दिया उद्बोधन

भीम प्रज्ञा न्यूज़.मूंडरु/श्रीमाधोपुर।

रविवार को मूंडरु मंडल का विराट हिंदू सम्मेलन पहाड़ी बाबा आश्रम में आयोजित हुआ । इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संह संघ चालक डॉ हेमंत सेठिया ने कहा कि हिंदू समाज की एकता समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान भाषा बोली, रहन-सहन, तीज त्योहार, खान पान से है। सदियों से हम लोग विदेशी ताकतों के षड्यंत्रों से लड़ते आ रहे हैं,विदेशी षड्यंत्रकारी देश में अलगाव को बढ़ावा दे रहे है,उसे हमें विफल करना पड़ेगा। डॉ. सेठिया ने कहा कि मातृ शक्ति का सम्मान सनातन संस्कृति का प्रमुख अंग रहा है। दूसरे की पत्नी को माँ के समान सम्मान देना हमारा संस्कार रहा है। हमें नारी शक्ति का धन्यवाद ज्ञापित करना चाहिए जिन्होंने लंबे समय से विपरीत परिस्थितियों में देश, धर्म और सांस्कृतिक परंपराओं को बचाए रखा है। आयोजन समिति के संरक्षक वृंदावन पीठ के पीठाधीश्वर कृष्णकांत शास्त्री ने कहा कि समरसता के लिए संवाद व सम्पर्क बहुत जरुरी है। महिला वक्ता डा. कविता यादव ने भगवान् श्री राम व पंच परिवर्तन के विषयों को जोड़कर कहा कि समाज परिवर्तन का मार्ग प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र के माध्यम

से हम सब समझ समझ सकते है। डा.कविता ने रामचरितमानस की चौपाई के माध्यम से एक आदर्श मुखिया या प्रधान के गुणों को बताया, मुखिया मुख सो चाहिऐ, खान पान कहुँ एक।

पालइ पोषइ सकल अँग, तुलसी सहित बिबेक ', जैसे शरीर का मुँह (मुख) अकेला भोजन ग्रहण करता है, लेकिन विवेक से पूरे शरीर के अंगों का पोषण करता है, वैसे ही मुखिया को भी समूह के कल्याण के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम में स्थानीय स्कूल की बालिकाओं ने देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत ग्राम सरपंच सुमित्रा मिश्रा, बन्नालाल यादव, समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा काका, सचिव विजय जोशी, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण समेत सैकड़ों हिंदू महिला पुरुष उपस्थित थे।

हिंदू सम्मेलन - टूटते परिवारों को जोड़ने का मंत्र है कुटुंब प्रबोधन

भीम प्रज्ञा न्यूज़.चिड़ावा।

रविवार को शहर की माधव बस्ती चिड़ावा में विराट हिंदू सम्मेलन सामुदायिक भवन चौधरी कालोनी चिड़ावा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम से पूर्व है माधव बस्ती के चार स्थानों से मातृशक्ति द्वारा चार भव्य कलश यात्राएं निकाली गई जिनमें हजारों की संख्या में मातृशक्ति सर पर कलश धारण कर उत्साह से नाचती गाती हुई हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कार्यक्रम में संत रविदास महाराज का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। अध्यक्षता समाजसेवी डॉक्टर महेंद्र नेहरा ने की, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक मुकेश कुमार थे नारी शक्ति वंदन के लिए समाज सेविका नितिका थालौर व संत रविदास जी के जीवन परिचय प्रकाशवीर मान ने दिया। मुख्य वक्ता मुकेश कुमार ने हिंदू समाज में छुआछूत मुक्त भारत का निर्माण करने का आग्रह किया ,अपने घरों में सभी का बिना भेदभाव आगमन हो ऐसी प्रार्थना की, उन्होंने जाति का बन्धन तोड़कर समरस समाज निर्माण के लिए सभी के लिए एक कुआं एक शमशान एक मंदिर का आग्रह किया ,प्रकृति रक्षा ही धर्म रक्षा हिंदू सम्मेलन में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, मुख्य वक्ता ने कहा कि हम सभी को इस राष्ट्र के विकास के लिए पेड़ लगाना, सिंगल युज प्लास्टिक बंद करना व जल संरक्षण के लिए सभी को प्रयास करना होगा । परिवार में संस्कार व्यवस्था मजबूत करने के लिए घरों में सामूहिक रामायण पाठ व गीता पाठ करने का आग्रह किया ,अपनी सन्तानों के विवाह की उम्र 25 वर्ष तक करने व एक संतान (शेर का बच्चा एक ही अच्छा)का विचार त्याग कर परिवार में रिश्ते बचाने के लिए तीन चार संतान पैदा करने का आह्वान किया । आज हिंदू समाज में एक बच्चे के कारण जो समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उसके लिए परिवार को सामूहिक रहने का संस्कार अपनाने का आग्रह

किया ,परिवारों में संस्कार द्वारा परिवार टूटने तलाक कम करने के लिए नव विवाहित युगल में संस्कार की व्यवस्था करने के लिए सभी को एक साथ भोजन करने एक साथ भजन करने व एक साथ आरती करने का आग्रह किया , टूटे परिवारों को जोड़ने का मंत्र है कुटुंब प्रबोधन ऐसा आग्रह किया । हिंदू सम्मेलन हमें अपनी जड़ों में लौटने की सीख देता है । राष्ट्र निर्माण के लिए हम सभी को स्वदेशी का भाव जीवन में अपनाना होगा । स्वदेशी सिर्फ सामान नहीं हमारा संस्कार भाव- वेश भूषा, भाषा भी स्वदेशी हो ऐसा हमें प्रयास करना है। हमें जाति की दीवार तोड़कर एकजुट होना होगा वसुदेव कुटुंबकम का मंत्र धारण करना होगा । हम अधिकार पूर्वक मूल अधिकार की बात करते हैं लेकिन संविधान द्वारा प्रदत मूल कर्तव्य को जीवन में धारण करने का आग्रह किया । समाज सेविका श्रीमती नीतिका थालौर ने नारी शक्ति को समाज में बेटियों को शिक्षित करने बेटियों को लव जिहाद से बचाने का आग्रह किया । कार्यक्रम के अंत में हिंदू सम्मेलन में पधारे हिंदू समाज को रामप्रसादी के भंडारे में प्रसाद ग्रहण करवाया । अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष महेंद्र नेहरा ने विवाह समारोह व अन्य समारोह में अन्न की बर्बादी को रोकने के लिए जूठन न छोड़ने का संकल्प करवाया व कार्यक्रम में पधारे सभी हिंदू जनमानस का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

लोहार्गल वेंकटेश बालाजी मंदिर में फागोत्सव हुआ आयोजन

श्रद्धालुओं ने चंग की थाप पर थिरकते हुए खेली गुलाल व फूलों की होली

भीम प्रज्ञा न्यूज़.उदयपुरवाटी

सुमेर मीणा । निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में स्थित सिद्ध पीठ श्री वेंकटेश बालाजी मंदिर परिसर में रविवार को फागोत्सव का आयोजन हुआ द्य वेंकटेश बालाजी मंदिर के श्री श्री 1008 वेंकटेश लोहार्गल पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि फागो उत्सव के दौरान मंदिर परिसर का आलोकिक फूलों से श्रृंगार भी किया गया द्य श्रद्धालुओं ने फागोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में गुलाल व फूलों की होली खेली द्यअश्विनी आचार्य महाराज के अनुसार फागोत्सव के दौरान भगवान की अर्चना की गई , महा आरती का आयोजन हुआ ,जोत जलाई गई एवं शेखावाटी के सुप्रसिद्ध भजन गायककारों द्वारा भजनों की रसगंगा प्रवाहित की गई द्य धमाल और भजनों पर श्रद्धालु दिन भर झूमते रहे द्य इस दौरान जयपुर श्याम मित्र मंडल की

मंडली एवं सीकर महिला मंडल की महिलाओं ने भाग लिया द्य कार्यक्रम में जयपुर ,सीकर, हरियाणा एवं शेखावाटी के कोने-कोने से श्रद्धालुओं ने आकर भाग लिया द्य फागोत्सव के दौरान ही भंडारे का भी आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण की

केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में मंडल रोजगार मेला 10 को

भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।

भांडोरिया । मंडल रोजगार कार्यालय गुरुग्राम और केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ द्वारा हरियाणा युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग राज्यमंत्री गौरव गौतम की अध्यक्षता में केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में 10 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे मंडल स्तर के मेगा रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस रोज़गार मेला में 30 से अधिक कंपनियां भाग ले रही है। सहायक जिला रोजगार अधिकारी दिनेश तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रोजगार मेला में 10वीं, 12वी, स्नातक (बीए, बीकॉम, बीएससी, बीटेक, बीसीए, बीबीए, बीफार्मा आदि तथा स्नातकोत्तर (एमए, एमकॉम, एमएससी, एमटेक, एमबीए, एमसीए, एम फार्मा आदि) व डिप्लोमा पास बेरोजगार प्रार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने इच्छुक प्रार्थियों से अनुरोध किया कि वे अपने रोजगार कार्यालय का पहचान पत्र (पंजीकरण कार्ड), योग्यता के दस्तावेज व रिज्यूम के साथ इस रोजगार मेला का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। सहायक जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिला के जिन प्रार्थियों का पंजीकरण रोजगार कार्यालय में नहीं है वह भी रोजगार विभाग के पोर्टल hre&.gov.in पर पंजीकरण करने उपरांत इस रोजगार मेला में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण का कार्य जिला रोजगार कार्यालय में भी उपलब्ध है।

थाना शहर टोहाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई चोरी के मामले में आरोपी काबू

इंदिरा कॉलोनी में हुई नकबजनी, चोरी की गोल्ड ज्वेलरी बरामद

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।

रजत विजय रंगा । पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में थाना शहर टोहाना पुलिस ने नकबजनी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से चोरी की गई गोल्ड ज्वेलरी बरामद करने में सफलता हासिल की है। काबू किए गए आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। थाना शहर टोहाना पुलिस द्वारा काबू किए गए आरोपी की पहचान राहुल उर्फ बच्ची पुत्र देशराज निवासी राज नगर, टोहाना के रूप में हुई है। आरोपी से चोरी से संबंधित सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि यह मामला शिकायतकर्ता हरबंस सिंह पुत्र दयाराम निवासी इंदिरा कॉलोनी, टोहाना की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि दिनांक 30-31 जनवरी 2026 की रात वह अपने परिवार सहित रिश्तेदारी में गया हुआ था और घर पर ताला लगा हुआ था। अगले दिन सुबह घर लौटने पर देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था तथा घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। शिकायतकर्ता द्वारा जांच करने पर बक्से से सोने-चांदी के जेवरात, जिनमें चांदी के कंगन, चूड़ियां, पाजेब, चेन, अंगूठियां, सोने की छोटी बालियां, दो लेडीज अंगूठियां तथा लगभग एक लाख रुपये

नकद चोरी पाए गए। शिकायतकर्ता द्वारा स्वयं स्तर पर चोरी के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 42 दिनांक 07.02.2026 के तहत धारा 305 व 331(4) बीएनएस 2023 में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया तथा चोरी की गई गोल्ड ज्वेलरी बरामद की। आगे की जांच जारी है और अन्य पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है।

आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर हुआ विराट हिन्दु सम्मेलन

भव्य शोभायात्रा ओर विशाल कलश यात्रा का हुआ आयोजन, उमड़ा जन सैलाब

संतो के सानिध्य में हुई धर्मसभा आयोजित ,शॉल,श्रीफल भेंट कर किया संतो का सम्मान

भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडावा।

पवन कुमार शर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को मंडावा में वार्ड 2 स्थित सम्राट सिद्धि विनायक मंदिर फतेहपुर रोड पर भव्य विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन सकल हिन्दू समाज के तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर संपूर्ण कस्बे में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। सम्मलेन में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों युवाओं एवं नागरिक जनों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे सुभाष चौक स्थित जाल वाले बालाजी मंदिर से कलश यात्रा के साथ हुई। सफल आयोजन को लेकर कस्बे के कई वार्डों से अलग अलग कलश यात्रा निकाली गई जो सुभाष चौक पर सामूहिक रूप से एक साथ रवाना हुई। ऊंट ,घोड़े, ओर डीजे के साथ निकली कलश यात्रा से पूरे कस्बे को सामाजिक और सांस्कृतिक एकता के रंग में रंग दिया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। पारंपरिक और रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजी महिलाएं जब एक साथ आगे बढ़ीं तो यह दृश्य सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन गया।

कलश यात्रा में बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग–हर वर्ग के लोग शामिल हुए, जिससे यह आयोजन केवल धार्मिक ही नहीं बल्कि सामाजिक सहभागिता का भी उदाहरण बना। यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए फतेहपुर रोड वार्ड 2 स्थित सम्राट सिद्धि विनायक मंदिर के पास सभा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया, जिससे आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना देखने को मिली। इस दौरान कलश यात्रा से पूर्व सभा स्थल पर नो कुंडिया यज्ञ अनुष्ठान कर पूर्णाहुति कर साथ अन्य कार्यक्रमों को पूरा किया गया। इसके पश्चात सुबह 11 बजे विराट हिंदू सम्मेलन में धर्म सभा का विधिवत शुभारंभ संत द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति के संरक्षक विद्याधर सैनी, सीताराम सैनी, राजेंद्र ठेकेदार, सजन शर्मा , दिलराज सिंह सहित अन्य गणमान्य सदस्यों ने मंचासिन रहे संतों का शॉल,श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

समिति के संरक्षक विद्याधर सैनी, सीताराम सैनी ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज में हिंदू एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को मजबूत करना है। इस अवसर पर संत-महात्माओं व वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वत्व का भाव, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार व्यक्त किए और समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। सम्मेलन में समाज को एकजुट करने और सनातन संस्कृति के संरक्षण पर जोर देते हुए सामाजिक सद्भाव, नैतिक मूल्यों और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज को एकजुट करना और लोगों में सांस्कृतिक चेतना जागृत करना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में समाज को सकारात्मक दिशा देने, युवाओं को संस्कारों से जोड़ने और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए ऐसे कार्यक्रम जरूरी हैं। समापन पर भोजन प्रसाद भंडारे का आयोनि किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ वंदना शर्मा प्राचार्य मंडावा कॉलेज ने किया

रेवाड़ी में आयोजित हिंदू सम्मेलन: आरएसएस की शताब्दी यात्रा पर हुआ विचार-विमर्श

भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।

भांडोरिया । रेवाड़ी जिले के शिवा बस्ती का हिंदू सम्मलेन शिव मंदिर देवलावास मंदिर परिसर में श्री राम हिन्दू सम्मलेन आयोजन समिति के तत्वावधान में आज एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू एकता को मजबूत करना और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा पर चर्चा करना था। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रसिद्ध संत साधू रामानंद जी महाराज ने की, जबकि मुख्य अतिथि संतराम जी ने अपनी ओजस्वी वाणी से सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस कार्यक्रम में आरएसएस की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों और समाज में लाए गए पांच प्रमुख परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। सम्मेलन की शुरुआत वेद मंत्रों के उच्चारण, हवन और राष्ट्रगान से हुई। महंत महावीर दास जी महाराज ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि हिंदू समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक चुनौतियों का सामना करना चाहिए। उन्होंने आरएसएस को राष्ट्र निर्माण का मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा, 'आरएसएस ने पिछले 100 वर्षों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा के माध्यम से लाखों युवाओं को प्रेरित किया है। आज का सम्मेलन इसी यात्रा का एक हिस्सा है, जो हिंदू समाज को एकजुट करने का संदेश देता है।' मुख्य वक्ता श्रीमान प्रदीप जी जिला प्रचारक रेवाड़ी ने आरएसएस की 100 वर्ष की यात्रा पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि आरएसएस की स्थापना 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गई थी, और यह संगठन आज दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठनों में से एक है। डॉ सुमन यादव जी ने आरएसएस द्वारा लाए गए पांच प्रमुख परिवर्तनों पर विशेष जोर दिया। अपने वक्तव्य के दौरान उन्होंने संघ द्वारा प्रतिपादित प@ परिवर्तन–सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता–पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन पाँच परिवर्तनों को व्यवहार में अपनाकर समाज आत्मनिर्भर और सुदृढ़ बन सकता है। आज के समय में प्रत्येक नागरिक को इन विषयों पर आत्ममंथन करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, 'आरएसएस की यह शताब्दी यात्रा सिर्फ एक संगठन की कहानी नहीं, बल्कि पूरे हिंदू समाज की प्रगति की कहानी है। इन पांच परिवर्तनों ने भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज हमें इनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।' उनके भाषण ने श्रोताओं में जोश भर दिया और सभी ने तालियों से उनका स्वागत किया। इस सम्मेलन में विभिन्न वक्ताओं ने हिंदू समाज की वर्तमान चुनौतियों, जैसे धर्मांतरण, सांस्कृतिक आक्रमण और सामाजिक एकता पर भी चर्चा की। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम आरएसएस की शताब्दी समारोह की श्रृंखला का हिस्सा है, जो पूरे देश में चल रहा है। रेवाड़ी जिले में यह सम्मेलन स्थानीय हिंदू संगठनों और आरएसएस शाखाओं के सहयोग से आयोजित किया गया। सम्मेलन में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ ली। आयोजक शिव मंदिर देवलावास कमेटी ने कहा कि ऐसे सम्मेलनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने मीडिया से अपील की कि इस तरह के कार्यक्रमों को प्रचारित कर हिंदू समाज की एकता को मजबूत किया जाए। यह सम्मेलन न केवल आरएसएस की उपलब्धियों का उत्सव था, बल्कि भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक भी साबित हुआ। उम्मीद है कि ऐसे आयोजन आगे भी जारी रहेंगे और हिंदू समाज को नई दिशा प्रदान करेंगे।

मंडावर में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित, कलश-निशान यात्रा से गूंजी आस्था

ठोडी वाले बालाजी से निर्गुण दरबार तक उमड़ा जनसैलाब, सजीव झांकियों ने मोहा मन

भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडावर।

मनोज खंडेलवाल । शहर में रविवार को क्षेत्र के हिंदू समाज के नेतृत्व और विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में विराट हिन्दू सम्मेलन भव्य, अनुशासित और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कई दिनों से की जा रही तैयारियों के बाद ठोडी वाले बालाजी मंदिर से विशाल कलश व निशान यात्रा का शुभारंभ पंडित अनुज पाराशर के मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। सुबह से ही महिलाएं, पुरुष और युवा बड़ी संख्या में एकत्र हो गए। हिंदू समाज की सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किए और पुरुषों ने हाथों में निशान लेकर डीजे-बैंड पर भजनों के साथ नगर भ्रमण किया। मुख्य ध्वज खेमराज मीना मास्टर के नेतृत्व में आगे बढ़ती यात्रा के पीछे हजारों हिंदू समाज के लोगो का कारवां शहर की गलियों से गुजरा। साईंस कैंपस, विकास सेंट्रल स्कूल, बाल भारती विद्या मंदिर और आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने पंक्तिबद्ध होकर जयकारों के साथ सहभागिता निभाई। साईंस कैम्पस स्कूल व आदर्श स्कूल द्वारा रथों पर सजी झांसी की रानी, भारत माता, काली माता, सुभाष चंद्र बोस और रामदरबार की सजीव झांकियों ने ग्रामीणों और शहरवासियों को भावविभोर कर दिया। यात्रा नए बस स्टैंड, मिस्त्री मार्केट, पुराना बस स्टैंड, कपड़ा मार्केट, गांधी चौक और अस्पताल रोड से होती हुई सिद्धपीठ निर्गुण दरबार पहुंची, जहां भव्य मंच पर भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। आयोजन समिति अध्यक्ष एवं निर्गुण दरबार के महंत सरयूदास महाराज के नेतृत्व में सामूहिक हनुमान चालीसा व शांति पाठ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आरएसएस सवाईमाधोपुर विभाग सह कार्यवाह भरतलाल मीना और सरयूदास महाराज ने अपने उद्बोधन में सामाजिक समरसता, अनुशासन और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर हिंदू समाज के सभी लोगो को प्रसाद वितरित किया गया। मंच संचालन वीएचपी दौसा जिला मंत्री खेमसिंह गुर्जर एडवोकेट ने किया। इस विराट हिंदू सम्मेलन की आयोजन समिति के संयोजक हरिओम सैनी, सचिव मोनू सैनी और आरएसएस मंडावर खंड प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि सम्मेलन को लेकर समाज और आयोजन समिति ने मिलकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह स्वागत द्वार लगाए गए और सामाजिक-धार्मिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों व शिक्षण संस्थानों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था गौसेवा समिति रायपुर मंडावर के कार्यकर्ताओं ने संभाली, जबकि यातायात और कानून व्यवस्था स्थानीय पुलिस ने थानाधिकारी प्रवीण मीना के नेतृत्व में पूरी तरह चाकचौबंद रखी। आयोजन के दौरान शांति और सार्वजनिक व्यवस्था का पालन रहा, जिससे कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हुआ। इस मौके पर अजय झालानी, विजय झालानी, दीपक इंटोली, मुकेश साहू, राजेश शर्मा, योगेश अग्रवाल, राजेश मंगल, रामअवतार सैनी, सतीश सिंहल, योगेश टालवाले, हरिओमप्रकाश गुप्ता, अमित ठाकुरिया, रवि मीना, मदन सोनी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के हिंदू समाज के महिला-पुरुष और युवा मौजूद रहे।

फतेहाबाद पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन आईपीएस ने नागरिकों से की अपील

घर-दुकान बंद कर बाहर जाने से पहले पुलिस को दें सूचना : एसपी सिद्धांत जैन

चोरी-नकबजनी रोकने को लेकर पुलिस की अहम एडवाइजरी जारी

भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।

रजत विजय रंगा । प्रदेश में बढ़ती चोरी व नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस ने नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में यह देखने में आ रहा है कि जब परिवार किसी कारणवश घर से बाहर चले जाते हैं और घर अथवा दुकानें लंबे समय तक बंद रहती हैं, तो असामाजिक तत्व ऐसे स्थानों को निशाना बनाकर चोरी व सेंधमारी की वारदातों को अंजाम देते हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस और जनता के बीच आपसी सहयोग बेहद जरूरी है। यदि आमजन सतर्क रहें और समय रहते पुलिस को सूचना दें, तो अधिकांश वारदातों को पहले ही रोका जा सकता है। एसपी सिद्धांत जैन, आईपीएस ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि जब भी वे अपने घर या दुकान को बंद कर किसी कारणवश बाहर जाने की योजना बनाएं–चाहे वह कुछ घंटों के लिए हो, एक दिन या कई दिनों के लिए–तो इसकी सूचना अपने नजदीकी पुलिस थाना अथवा डायल 112 पर अवश्य दें। सूचना देते समय यह भी बताएं कि वे कब से कब तक बाहर रहेंगे तथा घर या दुकान का पूरा पता क्या है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की पूर्व सूचना मिलने से पुलिस को संबंधित क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरतने में मदद मिलती है। रात्रिकालीन गश्त, बीट पुलिसिंग और आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मी ऐसे बंद घरों और दुकानों पर विशेष नजर रखते हैं, जिससे चोरी या किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कई बार लंबे समय तक घर या दुकान बंद रहने की जानकारी असामाजिक तत्वों तक पहुंच जाती है, जिसका वे गलत फायदा उठाते हैं। लेकिन यदि पुलिस को पहले से सूचना हो, तो ऐसे तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा सकती है और अपराध को होने से पहले ही विफल किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क है और इसका उद्देश्य केवल नागरिकों की सुरक्षा करना है। एसपी सिद्धांत जैन ने आमजन को आश्वस्त किया कि पुलिस को दी गई जानकारी को पूर्ण रूप से गोपनीय रखा जाएगा और इसका उपयोग केवल सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। नागरिक बिना किसी संकोच या भय के पुलिस से संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि बाहर जाते समय अपने पड़ोसियों को सूचित करें, घरों व दुकानों में मजबूत ताले लगाएं, कीमती सामान सुरक्षित स्थान पर रखें, सीसीटीवी कैमरे व अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षित समाज की नींव जनसहयोग पर ही टिकी होती है। आमजन की थोड़ी-सी सतर्कता न केवल उनकी अपनी, बल्कि उनके परिवार और पूरे समाज की सुरक्षा में अहम भूमिका निभा सकती है।अंत में उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से पुनः अपील की कि घर या दुकान बंद कर बाहर जाने से पूर्व नजदीकी रेलवे पुलिस थाना अथवा डायल 112 पर कॉल कर कंट्रोल रूम को अवश्य सूचित करें। आपकी सतर्कता - हमारी जिम्मेदारी।

पीओ आरोपी काबू : थाना शहर टोहाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

न्यायालय द्वारा घोषित पीओ आरोपी को काबू किया

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।

रजत विजय रंगा । पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने माननीय न्यायालय द्वारा पीओ घोषित एक आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई का नेतृत्व थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह द्वारा किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेशानुसार अभियोग संख्या 394/2023 में पीओ घोषित आरोपी को काबू किया गया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान अजय पुत्र शमशेर सिंह निवासी बाबा बूटा शाह बस्ती, टोहाना के रूप में हुई है।उन्होंने बताया कि आरोपी लंबे समय से न्यायालयी कार्यवाही से बचते हुए फरार चल रहा था तथा बार-बार समन व वारंट जारी होने के बावजूद न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिसके चलते माननीय न्यायालय द्वारा उसे पीओ घोषित किया गया था। थाना शहर टोहाना पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना एवं तकनीकी सहायता के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया गया। नियमानुसार आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत पीओ आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। फतेहाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि माननीय न्यायालय द्वारा घोषित पीओ एवं फरार आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगी। ऐसे आरोपियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा तथा उन्हें कानून के दायरे में लाकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

राजस्थान में हवा का असर, सुबह-शाम सर्दी बढ़ी: 10 से ज्यादा शहरों का पारा सिंगल डिजिट में दर्ज

भीम प्रज्ञा न्यूज

जयपुर । राजस्थान के मौसम में शुक्रवार को मामूली उतार-चढ़ाव रहा। उत्तरी हवा के असर से शेखावाटी समेत कई शहरों ?के न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई। पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर के एरिया में हल्के बादल छाने से धूप कमजोर रही। यहां भी अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री तक गिरावट हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम ड्राय रहने और तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव होने की संभावना जताई है।

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो शुक्रवार को सबसे ठंडा इलाका फतेहपुर और पाली का रहा। इन शहरों का न्यूनतम तापमान 4.9 और 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिन में सबसे अधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जालोर में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस, दौसा में 29.5, डूंगरपुर में 29.3, जैसलमेर, जोधपुर, चित्तौड़गढ़ में 29.8-29.8, अजमेर, भीलवाड़ा में 28.2, टोंक में 28.6, उदयपुर में 28.4, पिलानी, बीकानेर में 28, फलोदी में 28.6 और जयपुर में 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

दिनभर तेज धूप से गर्मी, सुबह-शाम सर्दी

राजस्थान में इन दिनों तापमान में बड़ा उतार-चढ़ाव हो रहा है। दिन में शहरों का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हो रहा है। तेज धूप के कारण दिन में हल्की गर्मी महसूस हो रही है। लेकिन सुबह-शाम सूरज सर्दी तेज है। शेखावाटी एरिया सीकर, पिलानी, फतेहपुर, झुंझुनूं के अलावा दौसा, करौली, सिरोही, बारां, श्रीगंगानगर, माउंट आबू, अलवर, टोंक में न्यूनतम तापमान रात में गिरकर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा रहा है।

एक सप्ताह इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- राजस्थान में अगले एक सप्ताह मौसम ड्राय रहेगा और तापमान में कोई खास परिवर्तन देखने को नहीं मिलेगा। सुबह-शाम उत्तर-पूर्वी राजस्थान के शहरों में सर्दी तेज रहेगी, जबकि दिन में यहां तेज धूप से अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज होगा।

पूर्व सांसद देवजी पटेल मेदक पहुंचे:

राजस्थानी प्रवासी समाज की बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया

भीम प्रज्ञा न्यूज

रानीवाड़ा । पूर्व सांसद देवजी पटेल तेलंगाना प्रवास के दौरान मेदक पहुंचे। उन्होंने यहां नगर निकाय चुनावों के संदर्भ में आयोजित राजस्थानी प्रवासी समाज की बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान, पूर्व सांसद देवजी पटेल ने राजस्थानी प्रवासी भाइयों और बहनों से संवाद किया और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। पटेल ने कहा कि प्रवासी समाज जहां भी रहता है, वहां अपनी संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रहित की भावना के साथ सक्रिय भूमिका निभाता है। उन्होंने भाजपा की नीतियों एवं विकास कार्यों की जानकारी देते हुए पार्टी को मजबूत करने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में राजस्थानी प्रवासी मौजूद रहे।

आज 8 गिरदावर सर्किलों में लगेंगे ग्राम उत्थान शिविर, ग्रामीणों की समस्याओं का होगा मौके पर समाधान

भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र के किसानों, पशुपालकों एवं आमजन की समस्याओं का गांव स्तर पर ही समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार, 9 फरवरी को जिले के विभिन्न गिरदावर सर्किलों में एक दिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किए जाएंगे। गौरतलब है कि नवलड़ी, कोलिंडा, रघुनाथपुरा, केड, खेतड़ी, नवलगढ़, मंडावा एवं सांवलोद के गिरदावर सर्किलों में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर आयोजित होंगे। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और मौके पर ही समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि शिविरों में राजस्व, कृषि, पशुपालन, सामाजिक सुरक्षा, पंचायतीराज सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविरों का लाभ उठाने की अपील की है।

निःशुल्क वरिष्ठ नागरिक तीर्थ-यात्रा ट्रेन को सांसद ने किया रवाना

रामेश्वरम-मदुरै के लिए विशेष ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

भीम प्रज्ञा न्यूज

जयपुर । जयपुर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित निःशुल्क देव दर्शन तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत रामेश्वरम-मदुरै के लिए विशेष ट्रेन रवाना हुई। देवस्थान विभाग की ओर से रविवार को दुर्गापुरा (जयपुर) रेलवे स्टेशन से इसे रवाना किया गया। इस ट्रेन को जयपुर सांसद मंजू शर्मा तथा रेल मंत्रालय की क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य हीरेन मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। इस विशेष तीर्थ ट्रेन में जयपुर जिले के 500 एवं अलवर जिले के 470 सहित कुल 970 वरिष्ठ नागरिक रामेश्वरम-मदुरै तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए। देवस्थान विभाग की योजना उन वरिष्ठ लोगों के लिए है, जो आर्थिक कारणों से तीर्थ यात्रा नहीं कर पाते थे।

यात्रा में ये मिलेगी सुविधाएं - देवस्थान विभाग की ओर से यह यात्रा पूर्णतः निःशुल्क है। यात्रा के दौरान यात्रियों को 8 दिन तक आवास एवं भोजन की पूरी व्यवस्था, हर कोच में सरकारी कर्मचारी अनुदेशक, ट्रेन के लिए प्रभारी, एक डॉक्टर एवं दो नर्सिंग अधिकारियों की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

बुजुर्गों के लिए पुण्य पहल- सांसद मंजू शर्मा - इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा ने कहा- देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना समाज के उन बुजुर्गों के लिए पुण्य पहल है, जिन्होंने जीवनभर परिवार और समाज के लिए योगदान दिया। निःशुल्क रेल यात्रा, आवास, भोजन और चिकित्सा सुविधा के साथ तीर्थ दर्शन कराना संवेदनशील और सेवा भाव से प्रेरित निर्णय है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुविधा और आस्था को प्राथमिकता दे रही हैं और यह योजना उसी का जीवंत उदाहरण है।

टी20 विश्व कप : उलटफेर से बाल बाल-बचा इंग्लैंड, नेपाल के खिलाफ करीबी मुकाबले में दर्ज की जीत

मुंबई (एजेंसी)। दो बार की विश्व चैंपियन इंग्लैंड ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप ग्रुप सी के बेहद रोमांचक मुकाबले में नेपाल की चुनौती से निपटते हुए अंत में चार रन की करीबी जीत दर्ज की। नेपाल इस मुकाबले में उलटफेर कर इतिहास रचने के बहुत करीब पहुंच गया था। उसने इंग्लैंड के सात विकेट पर 184 रन के जवाब में छह विकेट पर 180 रन बनाए। लोकेश बाम (20 गेंद में नाबाद 39 रन) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेपाल की उलटफेर भरी जीत की उम्मीद बनाए रखी, लेकिन आखिरी ओवर में जीत नहीं दिला सके।

आखिरी ओवर में नेपाल को जीत के लिए 10 रन की दरकार थी, लेकिन नेपाल के लिए बाउंड्री नहीं लग सकी। इस तरह बल्ले से उनका शानदार प्रदर्शन करीबी हार से खत्म हो गया। सैम करन ने अंतिम ओवर में लगातार यॉर्कर फेंकीं और नेपाल की टीम सिर्फ पांच रन ही बना पाई। लेकिन फिर भी 17,000 से ज्यादा प्रशंसक वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद थे और उन्होंने नेपाल को अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करते देखा। कप्तान रोहित पौडेल (39), दीपेंद्र सिंह ऐरी (39), कुशाल भुर्तेल (29) और लोकेश बसम (चार चौके, दो छक्के) ने शानदार जज्बा दिखाया लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए।

नेपाल को आखिरी तीन ओवर में 46 रन चाहिए थे तब बाम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। उन्होंने जोफ्रा आर्चर के 18वें ओवर में दो छक्के और 19वें ओवर में ल्यूक वुड पर लगातार दो चौके लगाए। भुर्तेल ने शुरुआत में तेजी से रन जुटाए जबकि पौडेल और ऐरी के बीच तीसरे विकेट के लिए 82 रन की मजबूत साझेदारी ने नेपाल को मजबूती दी। नेपाल ने आसिफ शेख (07) के रूप में शुरुआती विकेट गंवा दिया था लेकिन भुर्तेल ने 17 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर लय बनाई। लेकिन छठे ओवर में आउट हो गए।

14वें ओवर में पौडेल ने रन गति बढ़ाकर नेपाल को लक्ष्य की ओर अग्रसर किया। उन्होंने इंग्लैंड के सबसे सीनियर गेंदबाज राशिद खान के ओवर में छक्का और चौका लगाया। हालांकि ड्रिंक्स ब्रेक के बाद ऐरी और पौडेल की लय टूट गई। ऐरी ने 15वें ओवर में सैम करन की गेंद पर आउट हो गए। इसके तुरंत बाद पौडेल भी लियाम डॉसन की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर फिल साल्ट के हाथों कैच आउट हुए।

इससे पहले इंग्लैंड ने कप्तान हैरी ब्रूक (53 रन) और जैकब बेथेल (55 रन) के अर्धशतकों से सात विकेट पर 184 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज बेथेल ने टी20 विश्व कप पर्दापण में तेज अर्धशतक से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 35 गेंद में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। कप्तान ब्रूक 32 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से एक महत्वपूर्ण पारी खेलने के बाद आउट हो गए। उन्होंने बेथेल के साथ चौथे विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की। नेपाल के गेंदबाजों ने अपनी तरफ से कड़ी चुनौती पेश की।

शेर मल्ला ने अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद पर फिल साल्ट (01) को कैच आउट करवाया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नंदन यादव ने पांचवें ओवर में जोस बटलर (26) का अहम विकेट लिया जो बेथेल के साथ मिलकर पारी को संभालने की कोशिश कर रहे थे। सातवें ओवर में इंग्लैंड ने तीसरा विकेट टॉम बैंटन के रूप में लिया जो स्पिनर संदीप लामिचाने को रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में पगबाधा आउट हुए। इससे पहले बेथेल ने उनकी पहली चार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का लगाया था। फिर बेथेल का साथ निभाने ब्रूक उतरे।

यह वही पिच है जिस पर शनिवार रात को भारत ने 77 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। हालांकि इंग्लैंड को निश्चित रूप से उस पिच पर बल्लेबाजी करने में कोई परेशानी नहीं हुई जिस पर कुछ गेंद रूककर आ रही थी। इंग्लैंड के बल्लेबाज काफी हद तक अपने शॉट खेलने में सफल रहे। हालांकि कोई भी भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव की तरह पारी नहीं खेल सका।

इंग्लैंड ने आखिरी तीन ओवरों में 45 रन बनाए जिसमें विल जैक्स चार छक्के और एक चौका लगाकर 18 गेंद में 39 रन बनाकर नाबाद रहे। मैदान में नेपाल के प्रशंसक भारी संख्या में मौजूद थे जो इंग्लैंड के प्रशंसकों की तुलना में कहीं ज्यादा थे। नेपाल के लिए दीपेंद्र सिंह ऐरी और नंदन यादव ने दो दो विकेट झटके। शेर मल्ला और संदीप लामिचाने ने एक एक विकेट प्राप्त किया।

ऑगर-अलियासिमे ने फ्रेंच क्वालिफायर ड्रोगेट को हराकर फाइनल में वापसी की

मोंटपेलियर (एजेंसी)। फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने शनिवार को मोंटपेलियर में ओपन ऑक्सिटानी में शानदार फिनिशिंग के साथ फ्रेंच क्वालिफायर टिटुआन ड्रोगेट का शानदार प्रदर्शन खत्म किया। टॉप सीड और डिफेंडिंग चैंपियन ने डिसाइडिंग सेट में अपना लेवल बढ़ाया और एटीपी 250 सेमीफाइनल में 6-4, 6-7(5), 6-1 से जीत हासिल की। ऑगर-अलियासिमे अपने 21वें टूर-लेवल फ़ाइनल और 13वें इनडोर फ़ाइनल में पहुँच गए हैं। कनाडाई खिलाड़ी के आठ करियर टाइटल में से सात इनडोर रहे हैं, और एटीपी टूर पर इस दशक में इन कंडीशन में उनकी 87 मैच जीत सबसे ज़्यादा हैं। 25 साल के खिलाड़ी ने कहा, 'मुझे लगा कि दूसरे सेट में भी मेरा मौका आएगा, जो बड़ी सर्विस देने वाले ड्रोगेट के सामने मज़बूती से डटे रहे। यह अच्छा था कि मैंने पहला सेट जीता। इससे मुझे यह समझने का समय मिल रहा था कि उसे कैसे ब्रेक करना है। मुझे लगता है कि मैंने तीसरे सेट में बहुत बेहतर सर्व किया। मुझे लगता है कि मैंने दूसरे सर्व रिटर्न पर भी बेहतर रिटर्न किया। मैं बॉल को ज़्यादा सफाई से मार रहा था और सच में इसे अलग-अलग टारगेट पर अच्छी तरह से मार रहा था।' फ्रेंचमैन आर्थर फिल्स और ड्रोगेट को लगातार हराने के बाद, ऑगर-अलियासिमे का सामना फाइनल में एक और घरेलू उम्मीद एड्रियन मैनारिनो से होगा। मैनारिनो ने 1-6, 6-3, 6-4 से जीत के साथ अमेरिकी क्वालीफायर मार्टिन डैम का सिलसिला खत्म किया। 37 साल के फ्रेंचमैन ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए अपने 16वें टूर-लेवल फाइनल और फ्रांस में पहले फाइनल में जगह बनाई। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे उम्रदराज फाइनलिस्ट, मैनारिनो एटीपी लाइव रैंकिंग में 51वें नंबर पर हैं।

सूर्यकुमार विश्वकप में तेजी से 500 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल हुए

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी20 विश्वकप के अपने पहले ही मैच में अमेरिका के खिलाफ खेली अपनी 84 रनों की नाबाद पारी के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। सूर्यकुमार ने 84 रनों की अपनी इस पारी के साथ टी20 विश्वकप कप में अपने 500 रन पूरे किये हैं। अब उनके नाम इस आईसीसी टूर्नामेंट में 18 पारियों में 564 रन हो गए हैं। इसके साथ ही सूर्यकुमार तेजी से 500 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गये हैं। सूर्या विश्व कप में 500 रन बनाने वाले छठे और सबसे कम पारियों में ये आंकड़ा हासिल करने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज हैं। इससे पहले ये आंकड़ा महेन्द्र सिंह धोनी और युवराज सिंह के अलावा विराट कोहली , रोहित शर्मा, गौतम गंभीर के नाम है।

वहीं सबसे तेजी से 500 रन का आंकड़ा विराट के नाम है। कोहली ने केवल 11 टी20 विश्व कप पारियों में 500 रन बनाये हैं। सूर्या इस सूची में रोहित शर्मा और गौतम गंभीर के बाद तीसरे स्थान पर है। गंभीर और रोहित संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं। सूर्यकुमार ने टी20 विश्व कप की 18 पारियों में 500 टी20 रन पूरे किए, वहीं युवराज ने 22 जबकि धोनी ने 28 पारियों में किया था।

सबसे कम पारियों में 500 रन बनाने वाले भारतीय

11-विराट कोहली
17- गौतम गंभीर
17 - रोहित शर्मा
18 - सूर्यकुमार यादव
22 - युवराज सिंह
28 - महेन्द्र सिंह धोनी

विराट, रोहित पर कोच गंभीर के दबाव बनानें की बातें गलत: सैकिया

मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के मुख्य कोच गौतम गंभीर से कोई मतभेद नहीं हैं। साथ ही कहा कि ये दोनो ही उस स्तर के खिलाड़ी हैं जिन्हें कोई भी दबाव बनाकर बाहर नहीं कर सकता है। इस प्रकार बोर्ड ने एक प्रकार से कोच गौतम गंभीर के रोहित शर्मा और विराट कोहली से मतभेदों की खबरों को खारिज कर दिया है। सैकिया ने कहा कि पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें आ रही है कि गंभीर इन दोनो को बाहर होने के लिए मजबूर कर रहे हैं जो सही नहीं है। इससे पहले कई लोगों का आरोप था कि टी20 विश्वकप 2024 जीतने के बाद रोहित और विराट ने इस प्रारुप से संन्यास ले लिया था। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट को भी छोड़ दिया। अब दोनों केवल एकदिवसीय ही खेलते हैं और इसमें भी उनपर दबाव बनाया जा रहा है।

सैकिया ने कहा कि लोगों की अपनी धारणा हो सकती है पर गंभीर क्या कोई भी विराट और रोहित जैसे खिलाड़ियों पर दबाव नहीं बना सकता है। उन्होंने कहा, 'ऐसी धारणा हो सकती है पर विराट हमेशा टीम में हैं। गंभीर भी टीम में हैं। हम परिणाम देखते हैं और कुछ नहीं।'

साथ ही कहा कि विराट पर टेस्ट से संन्यास लेने के लिए दबाव नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि कोहली जैसे बड़े खिलाड़ी को कोई भी किसी फैसले के लिए मजबूर नहीं कर सकता। उनके जैसे खिलाड़ी को कोई भी बदलने या कोई फैसला लेने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। वह भारतीय क्रिकेट के सितारे हैं। जब तक वह स्वयं चाहें, कोई भी उन्हें किसी फैसले के लिए मजबूर नहीं कर सकता। बोर्ड किसी भी खिलाड़ी के करियर में हस्तपेक्ष नहीं करता है।

विराट और रोहित के टेस्ट से संन्यास के बाद उनके एकदिवसीय करियर को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही थीं। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई सीरीज के बाद दोनों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास से लेंगे पर ऐसा नहीं हुआ। दोनो ने ही काफी अच्छा खेल दिखाकर अपने आलोचकों को शांत करा दिया. साथ ही कहा कि लोग क्या कहते हैं उसपर हम न तो जवाब दे सकते हैं न ही कुछ कर सकते हैं। सैकिया ने कहा कि दोनों के बीच सब कुछ सामान्य है और कोई लड़ाई नहीं हो रही है। सैकिया ने कहा.'मैंने कभी उन्हें लड़ते हुए नहीं देखा। दोनों के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है।'

भारतीय टीम ग्रुप ए में पहले, वहीं पाक दूसरे नंबर

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम टी20 विश्वकप के पहले ही मैच में अमेरिका के खिलाफ 29 रनों से मिली जीत के साथ ही अंक तालिका में नंबर एक पर पहुंच गयी हैं। वहीं पाकिस्तान टीम को अपने पहले ही मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ मुश्किल से जीत मिली।फहीम अशरफ की पारी से टीम हालांकि अंतिम ओवर में तीन विकेट से जीती। इस जीत के साथ पाकिस्तान के ग्रुप ए में दो अंक हो गए हैं।टीम का नेट रन रेट प्लस 0.240 है।वहीं भारतीय टीम ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की 84 रनों की शानदार पारी के बाद कसी हुई गेंदबाजों की सहायता से विश्वप के अपने पहले ही मैच में अमेरिका को 29 रन से हराया।इस जीत के साथ भारत ने पाकिस्तान को ग्रुप ए की अंक तालिका में पीछे छोड़ दिया है। अब दोनो ही टीमों के दो-दो अंक हैं पर बेहतर रन औसत प्लसे 1.450 के साथ ही भारतीय टीम पहले नंबर पर है।भारतीय टीम अब ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में 12 फरवरी को नामीबिया से भिड़ेगी।

अफगानिस्तान में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलना विश्व कप जीतने से भी बड़ा सपना : राशिद खान

नई दिल्ली ।अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान भले ही दुनिया भर में क्रिकेट खेलकर कई उपलब्धियां हासिल कर चुके हों, लेकिन अपने देश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का उनका सपना आज भी अधूरा है। युद्ध और अस्थिरता से प्रभावित अफगानिस्तान में अब तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला आयोजित नहीं हो सका है।हालात इतने चुनौतीपूर्ण रहे कि टीम को अपने घरेलू मैच विदेशों में खेलने पड़ते हैं।भारत के ग्रेटर नोएडा, देहरादून और लखनऊ से लेकर यूएई के शारजाह और अबूधाबी तक, कई शहर लंबे समय तक अफगानिस्तान टीम के 'घरेलू मैदान' बने रहे।इसके बावजूद राशिद अपने इस सपने को छोड़ने को तैयार नहीं हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप 2026 मैच से पहले राशिद भावुक नजर आए। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो यह हमारे लिए विश्व कप से भी बड़ा सपना है।अगर हम अफगानिस्तान में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेल पाते हैं, तो दुनिया देखेगी कि वहां लोग खिलाड़ियों का कितना सम्मान करते हैं और क्रिकेट का कितना आनंद लेते हैं। अपने देश में खेलना किसी सपने से बढ़कर है।' राशिद ने बताया कि दुनिया के हर कोने में, खासकर आईपीएल के दौरान, उन्हें अपार प्यार मिलता है, लेकिन घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का अनुभव अद्वितीय होगा।उन्होंने कहा, 'भारत में आईपीएल या अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए हमें हमेशा लगा कि लोग अपने सितारों को कितना प्यार देते हैं। हमें भी ढेर सारा स्नेह मिला है, खासकर 2023 विश्व कप में।लेकिन अफगानिस्तान में खेलना एक अलग एहसास देगा। तब दुनिया हमारे देश की खूबसूरती भी देखेगी।' राशिद को उम्मीद है कि एक दिन ऐसा माहौल जरूर बनेगा, जब कोई अंतरराष्ट्रीय टीम अफगानिस्तान में सीरीज खेलने पहुंचेगी।

टी20 विश्वकप : सिफर्ट के अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया

ला नुसिया (एजेंसी)। चेन्नई (ईएमएस)। टिम सिफर्ट के शानदार अर्धशतक से न्यूजीलैंड ने यहां टी20 विश्वकप क्रिकेट ग्रुप-डी पहले ही मैच में अफगानिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया। इस मैच में टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 6 विकेट पर 182 रन बनाये थे। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को कीवी टीम ने 17.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस मैच में कीवी टीम को जीत के लिए खास संघर्ष करना पड़ा। 183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दूसरे ही ओवर में मुजीब उर रहमान ने फिन ऐलन को 1 और रचिन रविंद्र को खाता खोले बिन ही लगातार गेंदों पर आउट कर टीम को दबाव में ल दिया। इसके सिफर्ट और फिलिप्स के बीच तीसर विकेट के लिए 74 रन की अहम साझेदारी से टीम संभली। इन दोनों ने दबाव में भी आक्रामक रुख अपनाया । फिलिप्स ने 25 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं सिफर्ट ने 39 गेंदों में अर्धशतक लगाया। उन्होंने 42 गेंदों में 65 रन की पारी खेली, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल थे। वह मोहम्मद नबी का शिकार बने। अंत में डैरिल मिचेल ने 14 गेंदों में 25 रन और कप्तान मिचेल सैंटनर ने 8 गेंद में 17 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगान टीम की ओर से बल्लेबाज़ गुलबदिन नायब ने अर्धशतक लगाया। जिससे अफगानिस्तान की टीम एक अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। इस मेच में कीवी बल्लेबाजों को अपने अनुसार खेलने का अवसर नहीं मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी अफगानिस्तान की टीम ने शुरुआत में ही दो विके खो दिये। सलामी बल्लेबाज़ रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने 27 रन बनाये पर वह इसके बाद लॉकी फर्ग्युसन की धीमी गेंद पर पेवेलियन लौट गये। इसी ओवर में फर्ग्युसन ने इब्राहिम जादरान को अंतिम गेंद पर आउट कर दिया। जादरान ने 10 रन बनाये थे। इसके बाद गुलबदिन नायब ने 63 रन और सेदिकुल्लाह अटल ने 29 रन बनाकर पारी को आगे बढ़ाया। गुलबदिन ने 29 गेंदों में ही 50 रन बना दिये। अंतिम ओवरों में गुलबदिन ने 17 गेंदों में 33 रन बनाकर स्कोर को 150 के ऊपर पहुंचाया। बाद अजमतुल्लाह उमरजई ने 14 रन बनाकर फगानिस्तान को 180 रनों के उपर पहुंचाया ।न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्युसन ने 40 रन देकर 2 विकेट लिए। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट जबकि मैट हेनरी, जेकब डफी और रचिन रविंद्र को एक-एक विकेट मिला।

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पहली हैट्रिक रोमारियो शेपर्ड के नाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज रोमारियो शेपर्ड ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में इतिहास रचते हुए टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक अपने नाम कर ली।शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए स्कॉटलैंड के खिलाफ मुकाबले में शेपर्ड ने 17वें ओवर में यह बड़ी उपलब्धि हासिल की। उनके इस शानदार स्पेल ने स्कॉटलैंड की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखेर दी और वेस्टइंडीज को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। रोमारियो शेपर्ड ने बतौर ऑलराउंडर मैच में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए न सिर्फ हैट्रिक ली, बल्कि कुल 5 विकेट झटके। 17वें ओवर में उन्होंने तीन लगातार गेंदों पर मैथ्यू क्रॉस, माइकल लीस्क और ओलिवर डेविडसन को पवेलियन भेजकर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को रोमांचित कर दिया।खास बात यह रही कि इसी ओवर की आखिरी गेंद पर भी उन्होंने एक और विकेट लेकर स्कॉटलैंड पर दबाव को कई गुना बढ़ा दिया।उनके इस स्पेल ने मुकाबले का रुख वेस्टइंडीज की ओर मोड़ दिया, क्योंकि स्कॉटलैंड की टीम लगातार विकेट गंवाकर बड़े स्कोर की ओर बढ़ ही नहीं पाई। शेपर्ड की गेंदबाजी की लाइन और लेंथ इतनी सटीक रही कि स्कॉटलैंड के बल्लेबाज संभलने का कोई मौका ही नहीं पा सके। उनकी हैट्रिक ओवर न केवल तकनीकी रूप से बेहतरीन रहा, बल्कि मानसिक रूप से भी स्कॉटिश खिलाड़ियों पर भारी पड़ा। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में यह पहली हैट्रिक है और इस उपलब्धि के साथ शेपर्ड टूर्नामेंट के सबसे प्रभावशाली गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी इस शानदार परफॉर्मेंस ने वेस्टइंडीज की गेंदबाजी इकाई का आत्मविश्वास भी बढ़ा दिया है।मैच के बाद क्रिकेट विशेषज्ञों ने भी शेपर्ड की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी गेंदबाजी ने वेस्टइंडीज को जीत की सबसे मजबूत राह पर ला खड़ा किया है।

सूर्यकुमार ने अमेरिक के खिलाफ मैच में सफलता का श्रेय गंभीर को दिया

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम को अंडर-19 विश्वकप के पहले ही मुकाबले में कप्तानी पारी खेलकर जीत दिलाने वाले सूर्यकुमार यादव ने इसका श्रेय कोच गौतम गंभीर की एक सलाह को दिया है। सूर्या ने कहा कि एक समय जब आधी टीम 77 रनों पर पेवेलियन लौट गयी थी तब उनपर काफी अधिक दबाव था पर बेक्र के दौरान कोच कोच ने उनसे अंत तक टिके रहने को कहा था। कोच का मानना था कि अगर वह अंत तक खेलेंगे तो रन बन जाएंगे।सूर्यकुमार ने इस मैच में 49 गेंदों में 10 चौके और 4 छक्के लगाकर नाबाद 84 रन बनाए। इससे भारतीय टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 161 रन बनाकर 29 रन से जीत हासिल की।सूर्यकुमार ने बताया कि गंभीर ने उनसे कहा था कि वह अंत तक तक बल्लेबाजी करें क्योंकि वह जमने के बाद बड़े शॉट लगा सकते हैं। सूर्यकुमार ने कहा, मुझे बल्लेबाज के समय अंदाजा हो गय था कि इस विकेट पर 140 रन ही काफी हैं।मुझे इस प्रकार के विकेटों पर खेलने आ अनुभव है।इसलिए मेरा मानना था कि मैं यहां बड़ी पारी खेल सकता हूं।सूर्यकुमार छठे ओवर में बल्लेबाजी करने आए थे और शुरुआत में उन्होंने धीमी बल्लेबाजी करते हुए केवल 7 रन बनाये। बाद में उन्होंने तेजी से खेलते हुए कमी पूरी कर दी।सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया।अंतिम ओवर में उन्हों चौके, छक्के लगाकर टीम को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचा दिया।

लवलीना और अरुंधति की अगुवाई में भारत ने 9 गोल्ड जीते

ला नुसिया (एजेंसी)। भारत ने आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 को बहुत सफल तरीके से खत्म किया, जिसमें ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और पूर्व यूथ वर्ल्ड चैंपियन अरुंधति चौधरी ने ला नुसिया, एलिकांटे में शानदार फिनिश करते हुए नौ गोल्ड मेडल जीते। एक खास उपलब्धि यह रही कि शनिवार को भारत ने सात एलीट विमेंस फाइनल में हिस्सा लिया - जिसमें 54किग्रा डिवीजन में एक ऑल-इंडियन टाइटल क्लैश भी शामिल था - और हर एक में गोल्ड मेडल जीता।

ला नुसिया, एलिकांटे में हुए बॉक्सम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से ज़्यादा बॉक्सर्स ने हिस्सा लिया, जिससे सीजन की शुरुआत में ही एक हाई-क्वालिटी इंटरनेशनल टेस्ट मिला। भारत नौ गोल्ड, तीन सिल्वर और सात ब्रॉन्ज मेडल के साथ कॉम्पिटिशन का सबसे सफल देश रहा। बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'बॉक्सम एलीट ने ठीक वैसा ही मौका दिया जैसा हम सीजन के इस स्टेज पर ढूंढ रहे थे, जिसमें मजबूत इंटरनेशनल मुकाबले, अलग-अलग वेट कैटेगरी में गहराई और हाई-प्रेशर वाले मुकाबले शामिल थे। स्पेन में परफॉर्मेंस, खासकर फाइनल में कन्वर्ज़न रेट, हमारे प्रोग्राम की प्रोग्रेस को दिखाता है। आने वाला साल मुश्किल होने के साथ, यह टूर्नामेंट हमारे बॉक्सर्स को आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करने में एक अहम कदम रहा है। पूरे दल को शानदार कैंपेन के लिए बधाई।'

भारत की महिलाओं ने आखिरी दिन बेंचमार्क सेट किया। मंजू रानी (48किग्रा) और नीतू (51) ने स्पेन की माटर लोपेज़ और नोएलिया गुटिरेज़ पर एकमत से ज़बरदस्त जीत के साथ शुरुआत की, इससे पहले पूनम (54) ने कड़े मुकाबले वाले ऑल-इंडियन फाइनल में हमवतन प्रीति को हराया। प्रिया (60) और अरुंधति (70) ने यूक्रेनी विरोधियों पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की, जबकि लवलीना (75) ने अपना खास कंट्रोल और संयम दिखाते हुए इंग्लैंड की मैरी-केट स्मिथ को 4:1 से हराया। नैना (80) ने यूक्रेन की रईसा पिस्कुन पर आसान जीत के साथ स्वीप पूरा किया।

महिलाओं के प्रदर्शन पर बात करते हुए, भारतीय महिला टीम के हेड कोच सैंटियागो नीवा ने कहा, 'यह महिलाओं का शानदार प्रदर्शन था, सिर्फ़ मेडल के मामले में ही नहीं, बल्कि जिस तरह से उन्होंने अनुशासन, स्पष्टता और आत्मविश्वास के साथ बॉक्सिंग की। सात फाइनल में पहुँचना और सभी सातों जीतना पूरे सिस्टम में किए जा रहे काम के बारे में बहुत कुछ बताता है। इसका क्रेडिट पूरी भारतीय टीम को भी जाता है, पुरुषों और महिलाओं ने पूरे टूर्नामेंट में एक-दूसरे को आगे बढ़ाया, और यह सामूहिक माहौल लगातार सफलता की कुंजी है।'

पुरुषों के फाइनल में सचिन (60) ने दिन के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक में कनाडा के केओमा-अली अल अहमदीह को 3-2 से हराया, जबकि आकाश (75) ने कज़ाकिस्तान के अमन कोंसबेकोव पर 3-2 से रोमांचक जीत के बाद एक और गोल्ड मेडल जीता। दीपक (70) और अंकुश (80) को क्रमश- कज़ाकिस्तान और यूक्रेन से कड़ी टक्कर मिलने के बाद सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा।

लंबे वर्किंग आवर्स पर अर्जुन बिजलानी का खुलासा

टीवी की दुनिया बाहर से जितनी चमकदार और रंगीन दिखाई देती है, अंदर से उतनी ही दबाव से भरी होती है। दर्शक रोज अपने पसंदीदा कलाकारों को टीवी स्क्रीन पर देखते हैं, लेकिन उनकी मेहनत, थकान और मानसिक तनाव से अनजान रहते हैं। घंटों शूटिंग, लगातार काम का दबाव और निजी जीवन के लिए कम समय, ये सब टीवी कलाकारों की रोजमर्रा जिंदगी का हिस्सा है। इसी मुद्दे पर छोटे पर्दे के जाने-माने अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने बताया कि टीवी इंडस्ट्री में काम करना कितना कठिन होता है। अर्जुन बिजलानी ने टीवी इंडस्ट्री के लंबे वर्किंग आवर्स को बेहद मुश्किल बताया। उन्होंने कहा, 'कागज पर भले ही 12 घंटे की शिफ्ट लिखी जाती हो, लेकिन असल में कलाकारों का पूरा दिन काम में ही निकल जाता है। शूटिंग के अलावा सेट तक आने-जाने का समय, मेकअप, और कई बार ओवरटाइम भी इसमें जुड़ जाता है, जिससे काम के घंटे और बढ़ जाते हैं।'

अर्जुन ने उदाहरण देते हुए कहा, ''अगर किसी कलाकार की शूटिंग सुबह 9 बजे से शुरू होती है, तो उसे सुबह 7 बजे उठना पड़ता है। 8 बजे तक घर से निकलना जरूरी होता है ताकि समय पर सेट पहुंचा जा सके। खासकर महिला कलाकारों को कई बार और भी जल्दी बुलाया जाता है, क्योंकि उन्हें मेकअप और तैयार होने में ज्यादा समय लगता है। इस वजह से उनका दिन और भी लंबा हो जाता है।'' उन्होंने कहा, ''शूटिंग अक्सर रात 9 बजे तक चलती है और कई बार इससे भी देर हो जाती है। शूट खत्म होने के बाद भी कलाकारों को मेकअप उतारने और कपड़े बदलने में समय लगता है। इसके बाद ट्रैफिक में घर लौटना एक अलग चुनौती होती है। कई बार कलाकार रात के काफी देर से घर पहुंचते हैं, जब शरीर पूरी तरह थक चुका होता है।''

जब उनसे पूछा कि क्या टीवी इंडस्ट्री में 8 घंटे की शिफ्ट होनी चाहिए, तो अर्जुन बिजलानी ने कहा, ''तकनीकी रूप से यह संभव नहीं है। जब कोई शो हफ्ते में सातों दिन टेलीकास्ट होता है, तो इतने कम समय में काम पूरा करना मुश्किल हो जाता है।'' अर्जुन ने कहा, ''अगर काम के घंटे घटाकर 8 कर दिए जाएं, तो शो की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है। दर्शकों तक अच्छी क्वालिटी का कंटेंट पहुंचाने के लिए कलाकारों और पूरी टीम को 12 घंटे तक काम करना पड़ता है। काम और सेहत के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है।''



पर्दे पर 'हाउसवाइफ' का किरदार निभाएंगी आलिया भट्ट

राजकुमार राव के साथ बनेगी जोड़ी!

आलिया भट्ट बीते कुछ समय से बड़े पर्दे पर नजर नहीं आईं हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'जिगरा' थी, जो अक्तूबर 2024 में रिलीज हुई थी। पूरे 2025 में आलिया की एक भी फिल्म रिलीज नहीं हुई। इस बीच अब आलिया भट्ट की आगामी फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक कर सकते हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया भट्ट आगामी फिल्म 'हाउसवाइफ' में लीड रोल में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक करेंगे, जिन्होंने इससे पहले 'दृश्यम 2' जैसी हिट फिल्म बनाई थी। अगर आलिया इस फिल्म में काम करती हैं, तो वे एक शादीशुदा महिला का किरदार निभाएंगी। कहानी घर-परिवार से जुड़े मुद्दों पर आधारित होगी। यह पहली बार होगा जब आलिया इस तरह के किरदार में नजर आएंगी।

मेल लीड निभाएंगे राजकुमार!

रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया के साथ इस फिल्म में राजकुमार राव प्रमुख भूमिका में नजर आ सकते हैं। हालांकि, अभी कुछ फाइनल नहीं हुआ है। अगर ऐसा होता है तो आलिया और राजकुमार पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग अगस्त या सितंबर 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। अभिषेक पाठक 'दृश्यम 3' की शूटिंग पूरी करने के बाद इस फिल्म को शुरू कर सकते हैं।

आलिया-राजकुमार के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

आलिया भट्ट आखिरी बार 'जिगरा' में नजर आई थीं। उनकी आगामी फिल्मों में यशराज के स्पाई-यूनिवर्स की एक्शन फिल्म 'अल्फा' है। इसमें उनके साथ में शरवरी वाघ और बॉबी देओल प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा, वो संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में पति रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ काम कर रही हैं। वहीं, राजकुमार राव जल्द ही नेटफ्लिक्स की कॉमेडी फिल्म 'टोस्टर' में दिखाई देंगे। साथ ही वो एक बायोपिक ड्रामा में नजर आएंगे। जिसमें वे पब्लिक प्रॉसिक्यूटर उज्ज्वल निकम का किरदार निभाएंगे।



वीर दास ने कंगना को बताया 'पीढ़ी में एक बार आने वाली एक्ट्रेस'

बालीवुड एक्टर और कॉमेडियन वीर दास अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। वे 'लव आज कल', 'बदमाश कंपनी', 'देली बेली' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। उन्होंने कंगना रनौत के साथ भी 'रिवॉल्वर रानी' फिल्म में काम किया है। हाल ही में वीरदास ने एक इंटरव्यू में कंगना के साथ किए काम का अनुभव शेयर किया। फिल्म 'रिवॉल्वर रानी' से अपनी और कंगना की एक तस्वीर पर रिएक्ट करते हुए वीर दास ने उनके साथ काम करने के अनुभव शेयर किया। वीर दास ने साथ बातचीत में कहा, 'इस फिल्म में हम दोनों ज्यादातर समय एक-दूसरे से लड़ते नजर आते हैं। यह एक डार्क और थोड़ी अलग तरह की ब्लैक कॉमेडी है। कंगना एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो पीढ़ियों में एक बार पैदा होती हैं। उनके साथ काम करके मुझे बहुत मजा आया।

फिल्म 'रिवॉल्वर रानी' के बारे में

फिल्म 'रिवॉल्वर रानी' में कंगना रनौत ने रिवॉल्वर रानी का लीड किरदार निभाया है। वहीं वीर दास ने रोहन मेहरा का रोल किया, जो एक उभरते हुए बॉलीवुड अभिनेता हैं और जिनसे कंगना का किरदार प्यार करने लगता है। कहानी में कुछ लोग रोहन को अगवा कर लेते हैं। इसके बाद उन्हें मारने का प्लान बनाते हैं। तब कंगना बंदूक उठाकर दुश्मनों से भिड़ जाती हैं और उनकी जान बचाती हैं। इस फिल्म का निर्देशन साई कबीर श्रीवास्तव ने किया था। फिल्म में पीयूष मिश्रा, जकिर हुसैन और जेशान कादरी भी अहम रोल में नजर आए थे।

वीर दास के हालिया प्रोजेक्ट्स

वीर दास हाल ही में फिल्म 'हैप्पी पटेल- खतरनाक जासूस' में नजर आए थे। यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस में बनी थी। इसमें मिथिला पालकर और मोना सिंह भी अहम किरदारों में थीं। वहीं इमरान खान और आमिर खान ने भी इस फिल्म में खास कैमियो किया था। इस फिल्म को क्रिटिक्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। अब वीर दास कॉमेडी वर्ल्ड टूर 'हे स्ट्रेंजर' करने वाले हैं। यह टूर 27 फरवरी से शिकागो में शुरू होगा और 23 मई को मलेशिया में खत्म होगा।

सात साल बाद अभिनय में वापसी पर क्या बोलीं रिया चक्रवर्ती?

एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती अपकमिंग सीरीज 'फैमिली बिजनेस' से स्क्रीन पर सात साल बाद वापसी कर रही हैं। इस प्रोजेक्ट के एलान के बाद एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर की है। इसमें उन्होंने अपने काम पर लौटने के लंबे सफर के बारे में बताया। उन्होंने पर्दे पर वापसी के लिए आभार जताया है।

एक्टिंग में दोबारा आने पर बोली रिया?

हाल ही में रिया ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह तैयार हो रही हैं। एक्टिंग में दोबारा वापसी करने पर उन्होंने कहा कि उन्होंने आखिरी बार 2019 में 'चेहरे' के लिए शूटिंग की थी। रिया ने कहा, '7 साल। यह सच में बहुत अजीब है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं फिर से एक्टिंग करूंगी। यह अविश्वसनीय है क्योंकि यह एक सपने जैसा है। जब मैं 17 साल की थी, तब यह मेरा सपना था। फिर वह सब हुआ। इसके बाद मुझे काम मिलना बंद हो गया। फिर मैं वापस आ गई। हालांकि अब मैं बहुत बदल गई हूं। अब मेरा एक अलग करियर है। अब कई मायनों में यह मायने नहीं रखता। कई मायनों में यह अभी भी पहले से कहीं ज्यादा मायने रखता है।'

कौन सा सपना लेकर आई थीं रिया?

पोस्ट के कैप्शन में रिया ने लिखा 'सेट पर गए हुए 7 साल हो गए हैं। हालांकि मैं आज भी वही लड़की हूं जो 17 साल की उम्र में एक्ट्रेस बनने का सपना लेकर मुंबई आई थी। मेरा एक हिस्सा आगे बढ़ गया, लेकिन एक हिस्सा वहीं रुका रहा और इंतजार करता रहा।

'फैमिली बिजनेस' की स्टारकास्ट

सीरीज 'फैमिली बिजनेस' में रिया के अलावा विजय वर्मा, अनिल कपूर, ध्रुव सहगल, नेहा धूपिया, राइमा सेन, आकाश खुराना, अपरा मेहता, नंदीश संधू, अनंत नाग, रोहन विनोद मेहरा, टीना देसाई, कंवलजीत सिंह, मधु और इनायत सूद प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

हमारा रिश्ता सिर्फ आपसी सम्मान और प्रोफेशनल है

इन दिनों अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अपनी फिल्मों से लेकर पर्सनल लाइफ तक को लेकर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम अभिनेता धनुष के साथ जोड़ा जा रहा है। यही नहीं यहां तक कहा जा रहा है कि मृणाल और धनुष वैलेंटाइन डे के मौके पर 14 फरवरी को शादी करने वाले हैं। अब धनुष के साथ शादी की खबरों पर मृणाल ठाकुर की ओर से प्रतिक्रिया आई है।

सोशल मीडिया पर मृणाल ठाकुर का एक लंबा-चौड़ा स्टेटमेंट वायरल हो रहा है। इसको अभिनेत्री के फैन पेज पर शेयर किया गया, इसके बाद ये वायरल है। इस स्टेटमेंट में मृणाल ठाकुर के हवाले से कहा गया है, 'मैंने हमेशा यही माना है कि मेरा काम मेरी पहचान बने, न कि गपशप। फिर भी आज मैं खुद को ऐसी कहानियों से जुड़ा हुआ पाती हूं जो मैंने कभी नहीं लिखीं, ऐसी बातचीत जो मैंने कभी नहीं कीं और ऐसे फैसले जो मैंने कभी नहीं लिए। हाल ही में, एक तथाकथित शादी को लेकर कंट्रोवर्सी चर्चा में है। मैं यह स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि धनुष हमेशा से मेरे लिए भाई समान रहे हैं। हमारा रिश्ता सिर्फ आपसी सम्मान और प्रोफेशनल है। इससे ज्यादा कुछ नहीं। फिर भी मुझे आश्चर्य होता है कि लोग किसी महिला के निजी जीवन के बारे में कहानियां गढ़ने के लिए इतने उत्सुक क्यों रहते हैं, बजाय इसके कि उसके जीवन के सफर को समझें।'

अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं

अभिनेत्री की ओर से इस स्टेटमेंट में आगे कहा गया, 'मैं चुप रहना इसलिए नहीं चुनती क्योंकि मुझे कुछ छिपाना है। बल्कि इसलिए कि मेरा मानना है कि मेरे निजी जीवन को सार्वजनिक मंजूरी की जरूरत नहीं है। मैंने ऑडिशन, अस्वीकृति, लंबी रातों और अटूट आत्मविश्वास के दम पर आज इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है। उस सफर को अफवाह तक सीमित करना गलत है। सोशल मीडिया हर किसी को अपनी बात कहने का मौका देता है, लेकिन यह जिम्मेदारी भी मांगता है। कुछ क्लिक, लाइक और शेयर भले ही नुकसान न पहुंचाएं, लेकिन वे ऐसी कहानियां गढ़ते हैं जो असल लोगों को प्रभावित करती हैं। मैं स्पष्ट कर देना चाहती हूं, इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है।' सोशल मीडिया पर वायरल मृणाल ठाकुर का ये स्टेटमेंट उनके किसी ऑफिशियल पेज पर नहीं है। न तो इंस्टाग्राम पर मौजूद है और न ही एक्स पर। यही नहीं इस बयान को लेकर मृणाल ठाकुर की टीम की ओर से भी ये स्पष्ट किया गया कि अभिनेत्री ने ऐसा कोई स्टेटमेंट नहीं दिया है। ये पूरी तरह से फेक है। जिससे ये स्पष्ट होता है कि धनुष को भाई बताने वाला मृणाल का ये बयान असली नहीं है, बल्कि सिर्फ फेक है। ये बयान मृणाल या उनकी टीम की ओर से नहीं दिया गया है।

शादी की खबरों को खारिज कर चुकी हैं मृणाल

हालांकि, मृणाल ठाकुर 14 फरवरी को अपनी शादी की खबरों को कई बार खारिज कर चुकी हैं। वो कई बार इन खबरों को सिर्फ अफवाह बता चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भी जब मृणाल से धनुष के साथ शादी की खबरों को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि अरे मुझे तो इनवाइट ही नहीं किया गया। एक्ट्रेस ने कहा कि सोशल मीडिया पर वेडिंग डेट भी आ गई है। वो कहती हैं कि आ गई? मुझे किसी ने इनवाइट ही नहीं किया। मुझे भी बुला लेते।

'दो दीवाने सहर में' में नजर आएंगी मृणाल

वर्कफ्रंट की बात करें तो मृणाल ठाकुर जल्द ही आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगे। यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा मृणाल की पाइपलाइन में 'डकैत' भी है, इसमें उनके साथ आदिवी शेष प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



संक्षिप्त समाचार

यूरोप में जंगल की आग से निपटने के लिए नया एलान

ब्रसेल्स, एजेंसी। यूरोपीय संघ ने पूरे यूरोप में बढ़ती जंगल की आग की घटनाओं से निपटने के लिए 300 दमकलकर्मियों की एक संयुक्त त्वरित प्रतिक्रिया फोर्स बनाने का ऐलान किया है। ईयू के जलवायु आयुक्त ने बताया कि यह बल 27 सदस्य देशों से चुने गए प्रशिक्षित कर्मियों का होगा। जरूरत पड़ते ही इन्हें किसी भी प्रभावित देश में तुरंत भेजा जाएगा। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जब वर्ष 2025 यूरोप में जंगल की आग के लिहाज से सबसे खराब साल दर्ज किया गया। एक हालिया अध्ययन में कहा गया कि जलवायु परिवर्तन ने आग की तीव्रता और फैलाव दोनों बढ़ाए हैं। अधिकारियों के मुताबिक भविष्य में इस बल में और संसाधन तथा उपकरण जोड़े जा सकते हैं। पिछले साल पूर्वी भूमध्यसागर क्षेत्र में भीषण आग लगी थी, जहां तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा, सूखा और तेज हवाएं चलीं। इन आग की घटनाओं में 20 लोगों की मौत हुई और करीब 80 हजार लोगों को घर छोड़ना पड़ा। दस लाख हेक्टेयर से ज्यादा जमीन जल गई। अध्ययन में पाया गया कि अब लंबे सूखे और गर्म मौसम की संभावना पहले से कई गुना बढ़ चुकी है।

हिजबुल्लाह में बड़ा फेरबदल, वफीक सफा हटे

लेबनान , एजेंसी। लेबनान के संगठन हिजबुल्लाह ने आंतरिक पुनर्गठन के तहत अपने वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी वफीक सफा को उनके पद से हटा दिया है। समूह से जुड़े सूत्रों के अनुसार सफा ने खुद पद छोड़ने की इच्छा जताई थी, जिसके बाद नेतृत्व ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया। वह कई दशकों से संगठन की संपर्क और समन्वय इकाई के प्रमुख थे और लेबनान की सुरक्षा एजेंसियों के साथ तालमेल का काम देखते थे। उनकी जगह अब हुसैन अब्दुल्ला को जिम्मेदारी दी गई है, जो अब तक सार्वजनिक रूप से ज्यादा चर्चित चेहरा नहीं रहे हैं। बताया गया है कि हाल में इस इकाई की कुछ शक्तियां भी कम की गई हैं और दूसरे विभागों को सौंपी गई हैं। यह बदलाव इस्राइल के साथ 14 महीने चले युद्ध के बाद किया गया है, जिसमें संगठन को बड़ा नुकसान हुआ और उसके कई राजनीतिक व सैन्य नेता मारे गए। सफा पहले इस्राइल के साथ कैदी अदला-बदली वार्ताओं में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं। उन पर बेरूत पोर्ट विस्फोट मामले के जज को धमकाने के आरोप भी लगे थे। वर्ष 2019 में अमेरिका ने उन पर प्रतिबंध लगाया था।

हांगकांग में पूर्व मीडिया दिग्गज के लिए सजा का एलान सोमवार को

विक्टोरिया सिटी, एजेंसी। स्वायत्तशासी क्षेत्र हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक पूर्व मीडिया दिग्गज जिमी लाई (78) को चीनी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दोषी ठहराने के बाद सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। बंद हो चुके एपल डेली अखबार के संस्थापक लाई को उम्रकैद तक की सजा संभव है।

एपस्टीन मामले को लेकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में

लंदन, एजेंसी। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने जेफ्री एपस्टीन से कभी मुलाकात नहीं की, लेकिन उसके कई

वैश्विक नेताओं-शख्सियतों से संबंधों का खुलासा होने के बाद अब इसकी आंच उन तक भी पहुंच रही है। स्टार्मर की कुर्सी खतरे में है। एपस्टीन के साथ मित्रता के कारण ब्रिटेन के शाही परिवार के सदस्य पूर्व प्रिंस एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर पहले ही सवालों के घेरे में हैं और वाशिंगटन में ब्रिटेन के राजदूत पीटर मैंडेलसन को पद से हटना पड़ा। निवेशक एपस्टीन से संबंधों के कारण स्टार्मर ने पहले ही कुछ अफसरों बर्खास्त कर दिया है। अब नए खुलासों ने स्टार्मर की मध्यमार्गी-वामपंथी सरकार में उथल-पुथल है। स्टार्मर को सत्तारूढ़ लेबर पार्टी में दबाव झेलना करना पड़ रहा है।

अमेरिका में दरिंदगी की हद पार: शवगृह मालिक को 40 साल की सजा

कोलोराडो स्प्रिंग्स, एजेंसी। अमेरिका के कोलोराडो में एक दिल दहला देने वाले मामले में अदालत ने फ्यूनरल होम (शवदाह गृह) के मालिक जॉन हॉलफोर्ड को 40 साल की जेल की सजा सुनाई है। हॉलफोर्ड पर करीब 200 शवों के साथ दुर्व्यवहार करने और परिवारों को धोखा देने का आरोप था। अदालत में पीड़ित परिवारों ने उसे 'राक्षस' और 'घिनौना इंसान' करार दिया। सजा सुनाने की सुनवाई के दौरान पीड़ित परिवार के सदस्यों ने न्यायाधीश एरिक बेंटली को बताया कि अपने प्रियजनों के साथ हुई घटना के बारे में जानने के बाद से उन्हें भयानक सपने आते रहे हैं। उन्होंने जज से आरोपी जॉन हॉलफोर्ड को अधिकतम 50 साल की सजा देने की अपील की। आरोपी हॉलफोर्ड ने सजा सुनाए जाने से पहले माफी मांगी और कहा कि उसे अपने काम पर जीवन भर पछतावा रहेगा।

पूर्व पत्नी को हो सकती है 35 साल तक की जेल : इस मामले में उसकी पूर्व पत्नी कैरी हॉलफोर्ड, जो रिटर्न टू नेचर फ्यूनरल होम की सह-मालिक थी, उसे 24 अप्रैल को सजा सुनाई जानी है। उसे 25 से 35 साल की जेल हो सकती है। इस जोड़े पर शवों के साथ दुर्व्यवहार करने, चोरी करने, धन की हेराफेरी करने और दस्तावेजों में हेराफेरी करने का आरोप है। दोनों ने अभियोजकों के साथ एक

200 लाशों के साथ किया था अमानवीय व्यवहार

समझौते के तहत शवों के साथ दुर्व्यवहार के लगभग 200 मामलों में दिसंबर में अपना अपराध स्वीकार कर लिया था।

क्या है पूरा मामला : जॉन हॉलफोर्ड और उसकी पत्नी कैरी हॉलफोर्ड 'रिटर्न टू नेचर' नाम से फ्यूनरल होम चलाते थे। उन पर आरोप है कि उन्होंने189 शवों को एक इमारत में सड़ने के लिए छोड़ दिया।वहीं परिजनों को उनके प्रियजनों की अस्थियों के नाम पर सूखा कंक्रीट (सीमेंट) थमा दिया। यह सिलसिला 2019 से 2023 तक चलता रहा, जिसका खुलासा तब हुआ जब पड़ोसियों ने बदबू की शिकायत की। हॉलफोर्ड परिवार ने शवों को कोलोराडो स्प्रिंग्स के दक्षिण में स्थित पेनरोस नामक छोटे शहर की एक इमारत में छिपाकर रखा था।

मौज मस्ती और शौक में खर्च की रकम : कई महीनों की मेहनत के बाद उंगलियों के निशान, डीएनए और अन्य तरीकों की मदद से शवों की पहचान की गई। जांच में सामने आया कि हॉलफोर्ड दंपति ने अंतिम संस्कार के नाम पर परिवारों से प्रति व्यक्ति 1200 डॉलर (करीब 1 लाख रुपये) वसूले। इस पैसे का इस्तेमाल शवों के अंतिम संस्कार के बजाय उन्होंने अपनी विलासिता के लिए किया। उन्होंने लक्जरी गाड़ियां खरीदीं। क्रिप्टोकरेंसी और महंगे ब्रांड्स के गहनों पर पैसे खर्च किए। यहां तक कि कोरोना महामारी के दौरान मिलने वाली सरकारी सहायता में भी 9,00,000 डॉलर की धोखाधड़ी की। जॉन हॉलफोर्ड को इस मामले में 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है, जबकि कैरी हॉलफोर्ड की सजा पर अभी फैसला आना बाकी है।

कोर्ट में भावुक हुए परिवार : सुनवाई के दौरान पीड़ित परिवार अपने प्रियजनों के साथ हुए अमानवीय व्यवहार को जानकार भावुक नजर आए। एक पीड़ित बेटी केली मैकीन ने कहा, 'मेरी मां के साथ कूढ़ा जैसा व्यवहार किया गया और उन्हें सैकड़ों अन्य लोगों के साथ सड़ने के लिए छोड़ दिया गया। मेरा दिल टूट गया है।' जांचकर्ताओं के अनुसार जब उन्होंने इमारत की तलाशी ली, तो वहां फर्श पर कीड़े और सड़ते हुए शवों का अंबार लगा था। कुछ शव तो एक-दूसरे के ऊपर रखे हुए थे। जॉन हॉलफोर्ड को राज्य और संघीय दोनों मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है। वहीं उसकी पत्नी कैरी हॉलफोर्ड को 24 अप्रैल को सजा सुनाई जाएगी, उन्हें 25 से 35 साल तक की जेल हो सकती है। इस घटना के बाद कोलोराडो सरकार ने अंतिम संस्कार गृहों के लिए अपने नियमों को और सख्त कर दिया है।

अब बांग्लादेश में निपाह वायरस की दस्तक, कच्चा खजूर रस पीने से महिला की मौत

ढाका, एजेंसी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शुक्रवार को बांग्लादेश में निपाह वायरस से एक महिला की मौत की पुष्टि की है। यह घटना जनवरी के अंत में उत्तरी बांग्लादेश में हुई, जिसने एक बार फिर इस घातक वायरस के खतरे को चर्चा में ला दिया है। मृतक महिला की उम्र 40 से 50 वर्ष के बीच थी। महिला में 21 जनवरी को बुखार और सिरदर्द जैसे शुरुआती लक्षण दिखे। इसके बाद उनकी स्थिति बिगड़ती गई, जिसमें अत्यधिक लार निकलना, मानसिक भ्रम और दौरे पड़ना शामिल था। लक्षणों के उभरने के एक सप्ताह बाद महिला की मृत्यु हो गई। मौत के अगले दिन जांच में उनके निपाह वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

जांच में पाया गया कि महिला का कोई हालिया यात्रा इतिहास नहीं था। हालांकि, उन्होंने कच्चा खजूर का रस पिया था। विशेषज्ञों के अनुसार, निपाह वायरस मुख्य रूप से चमगादड़ों द्वारा दूषित किए गए फलों या तरल पदार्थों के जरिए इंसानों में फैलता है। संपर्क ट्रेसिंगः महिला के संपर्क में आए सभी 35 लोगों की पहचान कर उन्हें निगरानी में रखा गया था। राहत की बात यह है कि उन सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। क्षेत्रीय प्रभावः भारत के पश्चिम बंगाल में भी निपाह के दो मामले सामने आने के

बाद, एशिया के कई देशों जैसे मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया और पाकिस्तान ने हवाई अड्डों पर थर्मल स्क्रीनिंग बढ़ा दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में इस वायरस के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैलने का जोखिम कम है। इसलिए, अभी किसी भी प्रकार के यात्रा या व्यापार प्रतिबंध की सिफारिश नहीं की गई है। यह संक्रमण काफी घातक है, जिसमें मृत्यु दर 75% तक हो सकती है। यह मुख्य रूप से संक्रमित चमगादड़ों के संपर्क में आए फलों/खाद्य पदार्थों से फैलता है। यह वायरस इंसानों के बीच बहुत आसानी से नहीं फैलता। वर्तमान में इसके लिए कोई लाइसेंस प्राप्त वैक्सीन या विशिष्ट दवा उपलब्ध नहीं है। बांग्लादेश में पिछले साल (2025) भी निपाह वायरस के चार पुष्ट मामले सामने आए थे, जिनमें सभी मरीजों की जान चली गई थी। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे पेड़ों से गिरे फल न खाएं और खजूर के रस को अच्छी तरह उबालकर ही पिएं।

ब्रिटेन में नीरव मोदी की ट्रायल टालने वाली याचिका खारिज

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को बड़ा झटका दिया है। अदालत ने बैंक ऑफ इंडिया से जुड़े बकाया ऋण मामले में ट्रायल टालने की उनकी याचिका खारिज कर दी। नीरव मोदी ने खराब सेहत, दृष्टि हानि और जेल की परिस्थितियों का हवाला देकर सुनवाई आगे बढ़ाने की मांग की थी। अदालत ने इन दलीलों को पर्याप्त आधार नहीं माना। जज साइमन टिंकलर ने साफ कहा कि ट्रायल से आरोपी को कोई गंभीर कानूनी नुकसान नहीं होगा और उसे पूरा मौका दिया जाएगा। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि यह आवेदन देरी की कोशिशों के पैटर्न जैसा दिखता है। अब 23 मार्च से शुरू होने वाला आठ दिन का ट्रायल तय कार्यक्रम के अनुसार ही चलेगा। सुनवाई में नीरव मोदी उत्तर लंदन की

पेंटनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिए पेश हुए। बचाव पक्ष ने कहा कि उनकी आंखों की रोशनी करीब 60 प्रतिशत तक घट गई है और वह क्लिनिकल अवसाद से पीड़ित हैं। साथ ही जेल में कानूनी दस्तावेजों तक समय पर पहुंच नहीं मिल रही। अदालत ने माना कि ये कारण ट्रायल टालने की ऊंची कानूनी कसौटी पूरी नहीं करते। यह मामला पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी केस से अलग है। नीरव मोदी मार्च 2019 से ब्रिटेन की जेल में बंद हैं और जमानत के कई प्रयास असफल रहे हैं।

ट्रम्प बोले- बराक और मिशेल ओबामा से माफी नहीं मांगूंगा

स्टाफ की गलती से वीडियो शेयर हुआ, पूर्व राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को बंदर दिखाया था

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया से पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा का वीडियो डिलीट कर दिया है। इस वीडियो में ओबामा और उनकी पत्नी को जंगल में प्राइमेट्स (बंदर) के रूप में दिखाया गया था। हालांकि, ट्रम्प ने शुक्रवार को सफाई देते हुए माफी मांगने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'मैंने शुरुआत देखी, वो ठीक थी।' इसके बाद उन्होंने इसे किसी स्टाफ को भेज दिया, जिन्हें पूरा वीडियो देखना चाहिए था।' ट्रम्प का दावा है कि स्टाफ ने वीडियो के अंतिम छोटे हिस्से को मिस कर दिया, जिसमें आपत्तिजनक सामग्री थी। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें इसकी जानकारी हुई, वीडियो हटा दिया गया। ट्रम्प ने स्पष्ट रूप से माफी मांगने से इनकार करते हुए कहा, 'नहीं, मैंने कोई गलती नहीं

की।' हालांकि, उन्होंने नस्लवादी हिस्से की निंदा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह पोस्ट एक स्टाफ की गलती से शेयर हुई थी। कुछ घंटे पहले प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा था कि पोस्ट में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। वीडियो को लेकर ओबामा ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाएगी। वीडियो में 2020 चुनाव में धांधली के आरोप लगाए गए यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था, जिनमें उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली का दावा किया। करीब एक मिनट के वीडियो में उन्होंने कहा किया कि 2020 के चुनाव में बैलेट गिनने वाली कंपनी डोमिनियन वोटिंग सिस्टम्स ने ट्रम्प के खिलाफ गड़बड़ी की थी। वीडियो के आखिर में कुछ सेकंड के लिए ओबामा दंपती के चेहरे बंदरों के शरीर पर दिखाए जाते हैं। उसी दौरान बैकग्राउंड में 'द लायन स्लीप्स टुनाइट' गाना बजता है। यह सीन एक अलग इंटरनेट मीम वीडियो से लिया गया था, जिसे पहले भी एक प्रभावशाली कंजर्वेटिव मीम मेकर ने फैलाया था। उस वीडियो में ट्रम्प को 'जंगल का राजा' और डेमोक्रेट नेताओं को जानवरों के रूप में दिखाया गया था।

पूर्व एनएसए बोले- ट्रम्प अमेरिकी इतिहास का काला धब्बा : बराक ओबामा के करीबी और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बेन रोड्स ने इसे लेकर ट्रम्प के इतिहास का काला धब्बा बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अमेरिकी लोग ओबामा दंपती को सम्मानित शख्सियतों के तौर पर याद करेंगे, जबकि ट्रम्प को इतिहास के एक काले अध्याय की तरह पढ़ा जाएगा। यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका में ब्लैक हिस्ट्री मंथ चल रहा है।

सीपीईसी तक पहुंची बलोच विद्रोह की आग, बीएलए के हमलों से चीन-पाकिस्तान परियोजनाओं का भविष्य अनिश्चित

बीजिंग, एजेंसी। चीनी बीआरआई की रीढ़ माना जाने वाला चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) गंभीर संकट में है। बलूचिस्तान में बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के हमलों, चीनी इंजीनियरों को निशाना बनाए जाने और पाकिस्तानी सेना की सीमित पकड़ के बीच अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक संस्थानों का आकलन है कि 5.17 लाख करोड़ रुपये से अधिक की चीनी परियोजनाएं अब सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि पूर्णतः सैन्य-सुरक्षा चुनौती बन चुकी हैं। इससे चीन-पाकिस्तान परियोजनाओं का भविष्य भी अनिश्चित हो गया है।

बीएलए ने खारिज किया सेना का दावा, कहा-संघर्ष जारी है :

बलूचिस्तान। पाकिस्तानी सेना द्वारा बलूचिस्तान में विद्रोहियों की गतिविधियां खत्म करने के दावे को बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दुष्प्रचार कहा। बीएलए ने कहा, उसका ऑपरेशन हेरोफ-2 शुक्रवार को लगातार सातवें दिन में प्रवेश कर चुका है और संघर्ष जारी है। बीएलए प्रवक्ता जियांद बलोच ने कहा, पाकिस्तानी सेना के किसी भी दावे को तब तक झूठा माना जाना चाहिए जब तक कि बीएलए खुद इसकी समाप्ति की घोषणा नहीं कर दे।

चीन ने दो विकल्प रखे : चीन ने पाकिस्तान के सामने दो विकल्प रखे हैं। पहला, सीपीईसी की पूर्ण सुरक्षा के लिए पाकिस्तान स्वयं पर्याप्त संख्या में सेना तैनात करे। दूसरा, इस्लामाबाद औपचारिक रूप से बीजिंग से अनुरोध करे कि सीपीईसी परियोजनाओं की रक्षा के लिए चीन अपनी सैन्य टुकड़ियां बलूचिस्तान भेजे। दोनों ही विकल्प संवेदनशील हैं।

'परमाणु कार्यक्रम पर समझौता नहीं तो गंभीर होंगे परिणाम', ओमान वार्ता के बाद ट्रंप की खुली धमकी

वॉशिंगटन, एजेंसी। ओमान की राजधानी मस्कट में अमेरिका-ईरान परमाणु समझौते पर पहले दौर की बातचीत बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। हालांकि दोनों ही देशों ने इस वार्ता को सकारात्मक बताया। अब अगले हफ्ते फिर से वार्ता की जाएगी। इस बीच अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को सख्त लहजे में चेतावनी दी है।

राष्ट्रपति ट्रंप की ईरान को चेतावनी : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस वार्ता को 'बहुत अच्छा' बताया है और अगले सप्ताह की शुरुआत में और बातचीत की योजना के बारे में कहा। साथ ही दबाव भी बढ़ाया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान परमाणु कार्यक्रम पर समझौता नहीं करता है, तो उसे 'गंभीर परिणाम' भुगतने होंगे।

दरअसल, ट्रंप प्रशासन का मुख्य उद्देश्य ईरान को जीरो न्यूक्लियर कैपेबिलिटी यानी शून्य परमाणु क्षमता की ओर ले जाना है। ईरान सिर्फ अपने परमाणु कार्यक्रम पर बात करना चाहता है, जबकि अमेरिका उसकी बैलिस्टिक मिसाइलों और क्षेत्रीय गतिविधियों को भी समझौते में शामिल करना चाहता है। ट्रंप ने ईरान को इस कार्यक्रम पर समझौता करने के लिए मजबूर करने के लिए सैन्य कार्रवाईकरने की बार-बार धमकी दी है, इससे पहले उन्होंने तेहरान को देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर की गई खूनी कार्रवाई के जवाब में इस विमानवाहक पोत को क्षेत्र में भेजा था, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे और इस्लामिक गणराज्य में हजारों अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया था।

बातचीत के बाद ट्रंप के ईरान

पर नए प्रतिबंध : ओमान में हुई बातचीत पर जब कोई ठोक नतीजा सामने नहीं आया तो नाराज राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान पर नए प्रतिबंध लगाए। अमेरिका ने ईरान के तेल और पेट्रोकेमिकल निर्यात से जुड़े नेटवर्क पर नई सख्त कार्रवाई की है। नए आदेश के तहत कई कंपनियों, जहाजों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। अमेरिका के मुताबिक ईरान से जुड़े तेल कारोबार के जरिए नियमों को दरकिनार किया जा रहा था। बता दें कि ओमान हमेशा की तरह दोनों देशों के बीच पुल का काम कर रहा है। वार्ता में राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जारेड कुशनर ने किया। दोनों पक्षों के राजनयिक अब अपने-अपने देशों में मशविरा करेंगे। अगली बैठक अगले सप्ताह की शुरुआत में होने की संभावना है। वार्ता के बाद अमेरिका ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। इधर, बैठक को लेकर ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत है। हमारे हमने अपने दृष्टिकोण एक-दूसरे तक पहुंचाए, जो बेहद जरूरी था। अराघची ने कहा, हमने अपनी चिंताओं, ईरानी लोगों के अधिकार और हित पर जानकारी साझा की। यह बैठक बहुत अच्छे माहौल में हुई और दूसरे पक्ष के विचारों को भी सुना गया।

हमलों के बीच जेलेंस्की ने मानी बात, बोले- प्रदर्शन संतोषजनक नहीं

कीव, एजेंसी। रूस और यूक्रेन के बीच लगभग चार साल से जारी युद्ध अब और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। रूस के लगातार ड्रोन और मिसाइल हमलों से यूक्रेन की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है, ठंड में लोग बिना हीटिंग के रहने को मजबूर हैं। हवाई रक्षा पर सवाल उठ रहे हैं और शांति वार्ता भी बेनतीजा दिख रही है। इसी बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने खुद अपने देश के वायु रक्षा प्रणाली के प्रदर्शन को कमजोर माना है। शुक्रवार उन्होंने कहा कि देश के कुछ हिस्सों में वायुसेना का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है।

उन्होंने माना कि रूस के बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों को रोकने में दिक्कतें आ रही हैं। जेलेंस्की ने कहा कि इन हमलों से निपटने के लिए नई रक्षा रणनीतियों पर काम किया जा रहा है। बता दें कि रूस पिछले कुछ महीनों से लगातार यूक्रेन के बिजली ढांचे को निशाना बना रहा है। इन हमलों की वजह से कई इलाकों में बिजली गुल, हीटिंग बंद और पानी की सप्लाई प्रभावित हुई है। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब यूक्रेन कड़ाके की ठंड झेल रहा है।

जंग का पांचवां साल, लेकिन शांति की उम्मीद अब भी कम : बता दें कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष अब पांचवें साल में प्रवेश करने वाला है। अमेरिका की कोशिशों के बावजूद अभी तक शांति की दिशा में कोई ठोस सफलता नहीं मिली है। हालांकि इन सब के बीच जेलेंस्की ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच आगे और बातचीत जल्द होगी, संभव है कि ये बैठकें अमेरिका में हों।

एक रात में सैकड़ों ड्रोन हमले : वहीं यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक, रूस ने एक ही

रात में 328 ड्रोन और 7 मिसाइलें दागीं। दावा किया गया कि इनमें से 297 ड्रोन मार गिराए गए। हालांकि, फिर भी नुकसान हुआ। मध्य यूक्रेन के निप्रोपेत्रोवस्क क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हुई और दो लोग घायल हुए। जापोरिज्जिया क्षेत्र में हुए हमले में 8 लोग घायल हुए और 18 अपार्टमेंट इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। इसी हमले में एक कुत्तों का आश्रय गृह भी चपेट में आ गया, जिसमें 13 कुत्तों की मौत हो गई। 7 अन्य जानवर घायल हैं और उनका इलाज चल रहा है।

कीव में कड़ाके की ठंड और बिना हीटिंग : राजधानी कीव में हालात बेहद मुश्किल हैं। जेलेंस्की के अनुसार, 1,200 से ज्यादा रिहायशी इमारतों में कई दिनों से हीटिंग नहीं है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन का बिजली नेटवर्क इस सर्दी में अब तक के सबसे बड़े संकट से गुजर रहा है। 81 साल के कीव निवासी मिकोलो ट्रोम्ज़ा ने बताया कि वे एक हफ्ते तक बिना गर्मी और पानी के रहे। उन्होंने कहा कि जब मैंने अपनी नाक छुई तो वो बर्फ जैसी ठंडी थी। खुद को गर्म रखने के लिए मैं घर में लगातार चलता रहा।

रूस पर भी यूक्रेनी हमले : रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसने 38 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। ब्रायंस्क क्षेत्र में कुछ गांवों की बिजली कुछ समय के लिए चली गई। बेलगोरोद शहर में यूक्रेनी हमले से बिजली संयंत्र और सबस्टेशन को नुकसान पहुंचा, जिससे कई इलाकों में बिजली बाधित हुई।

अभी भी मोर्चे पर भीषण लड़ाई जारी : गौरतलब है कि कड़ाके की ठंड के बावजूद दोनों देशों के बीच फ्रंट लाइन पर लड़ाई जारी है। यूक्रेन के सेना प्रमुख जनरल ओलेक्सांद्र सिर्स्की ने बताया कि युद्ध का मोर्चा अब करीब 1,200 किलोमीटर लंबा हो चुका है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के ड्रोन अब पहले से कहीं ज्यादा उन्नत हो गए हैं, जिससे सैनिकों के लिए खतरे का इलाका यानी किल जोन अब 20 किलोमीटर तक फैल चुका है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com